NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 184 लखनऊ, शुक्रवार 16 फरवरी 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## धर्मेंद्र प्रधान, मनसुख मंडाविया, भूपेंद्र यादव... सात मंत्रियों को नहीं मिला राज्यसभा टिकट, लोकसभा चुनाव में दांव खेल सकती है बीजेपी

एजेंसी।

नई दिल्ली सूत्रों ने बताया है कि सभी सातों को अब विभिन्न राज्यों में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से मैदान में उतारा जा सकता है। सूत्रों से संकेत मिलता है कि प्रधान को उनके गृह राज्य ओडिशा में संबलपुर या ढेकनाल से मैदान में उतारा जा सकता हैसात केंद्रीय मंत्रियों, जिनका राज्यसभा का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो रहा है, को सत्तारूढ़ भाजपा ने दोबारा नामांकित नहीं किया है। इसके बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि भाजपा उन्हें लोकसभा चुनाव में उतार सकती है। जिन मंत्रियों को टिकट नहीं दिया गया है उनमें स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया (गुजरात), शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान (मध्य प्रदेश), और कनिष्ठ



आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर (कर्नाटक) शामिल हैं। इसके अलावा पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव (राजस्थान), और मत्स्य पालन मंत्री परषोत्तम रूपाला (गुजरात), साथ ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे और कनिष्ठ विदेश मंत्री वी मुरलीधरन का भी नाम नहीं है। सूत्रों ने बताया है कि सभी सातों को अब विभिन्न राज्यों में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से मैदान में उतारा जा सकता है। सूत्रों से संकेत मिलता है कि प्रधान को उनके गृह राज्य ओडिशा में संबलपुर या ढेकनाल से मैदान में उतारा जा सकता है, जबकि यादव राजस्थान के अलवर या महेंद्रगढ़ से चुनाव लड़ सकते हैं, और चंद्रशेखर बेंगलुरु की चार सीटों में से एक पर चुनाव लड़ सकते हैंय इनमें से तीन – मध्य, उत्तर और दक्षिण – पर भाजपा का कब्जा है। इसी तरह, मंडाविया गुजरात के भावनगर या सूरत से चुनाव लड़ सकते हैं, जबकि रूपाला को राजकोट मिल सकता है। इस बीच, मुरलीधरन को उनके गृह राज्य केरल से मैदान में उतारा जा सकता हैय भाजपा की वहां कोई उपस्थिति नहीं है, और वह अपनी किस्मत को पुनर्जीवित करने के लिए हाई–प्रोफाइल नामों पर विचार कर सकती है। भाजपा ने केवल कुछ बड़े नामों को बरकरार रखा है, वास्तव में, राज्यसभा से केवल दो केंद्रीय मंत्रियों को बरकरार रखा गया है – रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव (ओडिशा) और कनिष्ठ मत्स्य पालन मंत्री एल मुरुगन (मध्य प्रदेश)। दो या दो से अधिक कार्यकाल पूरा कर चुके किसी भी निवर्तमान सांसद को दोबारा नहीं चुना गया है।

## जिन जरूरतमंदों को पक्का मकान नहीं मिला, उन्हें आवास सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी–सीम योगी

संवाददाता।

लखनऊ मुख्यमंत्री योगी ने राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई, जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और दबंग, माफिया, अपराधियों द्वारा जमीन पर कब्जा करने जैसी घटनाओं पर रोक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि जिन जरूरतमंदों को अभी तक पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बृहस्पतिवार को गोरखनाथ



मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस बाबत निर्देश जारी किया। एक बयान के अनुसार, जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने जनता को आश्वस्त किया कि हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। योगी ने ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी ने राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई, जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और दबंग, माफिया, अपराधियों द्वारा जमीन पर कब्जा करने जैसी घटनाओं पर रोक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, आठ बारूदी सुरंग का पता लगाकर किया निष्क्रिय

एजेंसी

छत्तीसगढ़ बारूदी सुरंग अगले दिन को तब बरामद की गई जब सुरक्षाकर्मी बारूदी सुरंगों का पता लगाने के लिए गश्त पर निकले थे। उन्होंने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए स्टील के बक्सों में पैक किये गये विस्फोटकों को जंगल में जमीन के नीचे दबाया गया था।बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने नए



सुरक्षा शिविर के करीब बिछाई गईं आठ बारूदी सुरंग का पता लगाया जिसके बाद इन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह शिविर 13 फरवरी को तर्रेम पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुंडेम गांव में स्थापित किया गया था। बारूदी सुरंग अगले दिन (बुधवार) को तब बरामद की गई जब सुरक्षाकर्मी बारूदी सुरंगों का पता लगाने के लिए गश्त पर निकले थे। उन्होंने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए स्टील के बक्सों में पैक किये गये विस्फोटकों को जंगल में जमीन के नीचे दबाया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर पुलिस के बम निरोधक दस्ते ने इन विस्फोटकों को निष्क्रिय कर दिया।

## कोर्ट के फैसले का सम्मान, चुनावी बश्वन्ड रद्द होने पर बोली BJP फंडिंग में पारदर्शिता के लिए लाई गई थी योजना

एजेंसी

नई दिल्ली अदालत के आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि चुनावी बांड का चुनावी फंडिंग में ष्पारदर्शिता लाने का प्रशंसनीय उद्देश्यष था। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी



सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुरुवार को केंद्र सरकार की गुमनाम राजनीतिक फंडिंग की चुनावी बांड योजना को ष्असंवैधानिकष करार दिए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक ऐतिहासिक फैसले में, शीर्ष अदालत ने खरीदारों के नाम, बांड के मूल्य और उनके प्राप्तकर्ताओं का खुलासा करने का भी आदेश दिया। अदालत के आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि चुनावी बांड का चुनावी फंडिंग में ष्पारदर्शिता लाने का प्रशंसनीय उद्देश्यष था। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करती है। प्रसाद ने इस बात पर प्रकाश डाला कि शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के सैकड़ों पन्नों के फैसले पर पार्टी द्वारा संरचित प्रतिक्रिया देने से पहले गहन परीक्षण की आवश्यकता है। चुनावी फंडिंग में सुधार के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के प्रयासों पर जोर देते हुए, उन्होंने इन उपायों के हिस्से के रूप में चुनावी बांड की शुरूआत का हवाला दिया।

## अपनी मांग पर अड़े किसान, जानें आंदोलन के बाद 2022 में गठित सरकारी समिति ने अब तक क्या किया ?

एजेंसी।

नई दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन कृषि कानून को किसान आंदोलन को देखते हुए वापस लेने का ऐलान किया था। इसी के साथ उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया था कि उनकी मांगों को लेकर एक समिति स्थापित की जाएगी जो प्रभावी और पारदर्शित तरीके से उसपर विचार करेगा। अपनी मांग को लेकर किसान केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों ने अपनी सबसे बड़ी मांग रखते हुए साफ तौर पर कहा कि सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी को लेकर एक कानून बनना चाहिए। फिलहाल किसानों का एक बड़ा समूह हरियाणा पंजाब बॉर्डर पर तैनात है। वह दिल्ली कूच करने की तैयारी में है। हालांकि, इन किसानों को रोकने की जबरदस्त कोशिश भी हुई है। पुलिस ने जगह–जगह बैरिकेट्स भी लगाए हैं। किसानों के प्रदर्शन को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए थे। बावजूद इसके किसान अपनी मांग पर पूरी तरीके से अड़े हुए हैं। किसानों का आरोप है कि केंद्र सरकार ने उनसे जो वायदा किया था उसे पूरा नहीं किया गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन कृषि कानून को किसान आंदोलन को देखते हुए वापस लेने का ऐलान किया था। इसी के साथ उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया था कि उनकी मांगों को लेकर एक समिति स्थापित की जाएगी जो प्रभावी और पारदर्शित तरीके से उसपर विचार करेगा। इस पैनल का गठन सात महीने बाद किया गया था जब प्रधानमंत्री द्वारा कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा के बाद दिल्ली



की सीमा पर एकत्र हुए किसानों ने अपना साल भर का विरोध प्रदर्शन बंद कर दिया था। समिति की संदर्भ शर्तों में एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी शामिल नहीं है। मिटी समिति, जिसे ष्शून्य बजट आधारित खेती को बढ़ावा देने, देश की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फसल पैटर्न को बदलने और एमएसपी को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनानेष के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 18 जुलाई, 2022 को अधिसूचित किया गया था। 26 सदस्यों वाली इस समिति के अध्यक्ष पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल हैं। इसके अन्य सदस्य हैं (प) नीति आयोग के सदस्य (कृषि) रमेश चंद, (पप) दो कृषि अर्थशास्त्री, (पपप) एक पुरस्कार विजेता किसान, (पअ) संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के अलावा अन्य किसान संगठनों के पांच प्रतिनिधि, (अ) किसान सहकारी समितियोंध्समूहों के दो प्रतिनिधि, (अप) कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) का एक सदस्य, (अपप) कृषि विश्वविद्यालयों और संस्थानों के तीन व्यक्ति, (अपपप) भारत सरकार के पांच सचिव, (प•) चार राज्यों के चार अधिकारी, और (•) कृषि मंत्रालय से एक संयुक्त सचिव शामिल हैं। पैनल का उद्देश्य 19 नवंबर, 2021 को, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि सरकार ने तीन कृषि कानूनों (अब निरस्त) को वापस लेने का फैसला किया है। मोदी ने तब कहा था कि समिति में केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और कृषि अर्थशास्त्रियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कृषि मंत्रालय का नोटिफिकेशन भी इसी तर्ज पर था। पैनल का अधिदेश मंत्रालय की 18 जुलाई, 2022 की अधिसूचना में कहा गया है कि समिति की ष्विषय वस्तुष में तीन बिंदु हैंरू एमएसपी, प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण। एमएसपी पर समिति से श्शसिस्टम को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाकर देश के किसानों को एमएसपी उपलब्ध करानेश्श के लिए सुझाव मांगे गए हैं। पैनल को ष्घरेलू और निर्यात अवसरों का लाभ उठाकर किसानों को उनकी उपज की लाभकारी कीमतों के माध्यम से उच्च मूल्य सुनिश्चित करने के लिए देश की बदलती आवश्यकताओं के अनुसारष कृषि विपणन प्रणाली को मजबूत करने के लिए सिफारिशें भी करनी है। समिति से ष्कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) को अधिक स्वायत्तता देने की व्यावहारिकता और इसे और अधिक वैज्ञानिक बनाने के उपायोंष पर भी सुझाव मांगे गए थे। पैनल में प्रगति एमएसपी पर समिति की पहली बैठक 22 अगस्त, 2022 को हुई थी। कृषि मंत्रालय ने कहा है कि समिति ष्उसे सौंपे गए विषय मामलोंष पर सक्रिय रूप से विचार–विमर्श करने के लिए नियमित आधार पर बैठक कर रही है। मंत्रालय के अनुसार, समिति द्वारा अब तक छह मुख्य बैठकें और इकतीस उप–समूह बैठकेंध कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। 18 जुलाई, 2022 की अधिसूचना में संजय अग्रवाल समिति का कार्यकाल निर्दिष्ट नहीं किया गया।




## संस्कार सेना ने पूरे देश मे में 14 फरवरी को मनाया माता–पिता पूजन दिवस

संजीव कुमार शुक्ला नई दिल्ली य14 फरवरी के लिए संस्कार सेना के संस्थापक अपने विशेष निर्णय लेते हुए अपने सभी पदाधिकारी को अग्रेषित किया था कि प्रतिवर्ष संस्कार सेवा के हम सभी पदाधिकारी एक स्थान पर माता–पिता पूजन दिवस का भव्य आयोजन करते हैं इस वर्ष सभी अपने–अपने कार्य क्षेत्र अनुसार अपने निवास स्थल या अपने जिले में माता–पिता पूजन का कार्यक्रम कर युवा पीढ़ी को माता–पिता के सम्मान का संदेश दें जिसे गंभीरता से लेते हुए राजस्थान से जगदीश मीणा ने पावटा में हनुमान सहाय सिरसी ने जयपुर में सुरेश चौहान ने सिरोही मध्य प्रदेश के शंभू दयाल ट्रेलर पवन शर्मा ने माचलपुर में कविता ताई ने नागपुर में बबलू पाल ने सिलवानी में महेश पटेल एवं सिद्दीकी सर ने दाहोद में श्रवण कुमार यदु ने रायपुर सहित भारत के अनेकों राज्यों में सैकड़ों जगह 14 फरवरी को माता पिता पूजन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा बच्चों एवं युवाओं को माता–पिता के सम्मान का संदेश दिया संस्थापक हरभजन जांगड़ स्वयं माचलपुर एवं दाहोद में उपस्थित रहे माता–पिता के प्रति युवा पीढ़ी को संवाद का संदेश दिया तथा आयोजकों का विशेष सम्मान किया उनके साथ संस्कार सेना के रोहित यादव अलका धुर्वे सहित अन्य पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# विश्वस्तरीय स्थल के रूप में विकसित होगा महाराजा बिजली पासी का किला

## लगभग 19 करोड़ रुपये स्वीकृत, लाइट एंड साउंड शो समेत होंगे कई और कार्य

लखनऊ(आरएनएस)। लखनऊ के आशियाना स्थित महाराजा बिजली पासी किला विश्वस्तरीय स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने लगभग 19 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें लाइट एंड साउंड शो, बच्चों के लिए खेलने के स्थल, पाथवे समेत कई और कार्य कराए जाएंगे। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पर्यटन स्थलों का विकास सरकार की प्राथमिकता में है। इसी क्रम में महाराजा बिजली पासी किले का विकास कराने की तैयारी है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महाराजा बिजली पासी लोकप्रिय राजा थे। उनके द्वारा किले का निर्माण किया गया था। वर्तमान समय में यह महत्वपूर्ण स्थल है। यहां सभी आयुवर्ग के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी ताकि यहां भ्रमण करने लिए बच्चे, युवा, वृद्ध महिला–पुरुष भ्रमण में रुचि दिखाएं। इसके लिए सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। शाम के समय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए लाइट एंड साउंड कार्यक्रम होगा, जिसमें महाराजा बिजली पासी और उनके शासन का वर्णन किया जाएगा। योजना के तहत बच्चों के लिए क्रीड़ा स्थल भी विकसित किया जाएगा, जहां बच्चों के खेलने के लिए विभिन्न झूले उपलब्ध होंगे। इसके अलावा पाथवे, कैंटीन, लैंडस्केप, शौचालय समेत विभिन्न कार्य किए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन तेज गति बढ़ रहा है। अभी उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन के मामले में पहले स्थान पर है। हमारा प्रयास है कि विश्व से आने वाले पर्यटकों के मामले में भी यह उपलब्धि हासिल करें। इसके लिए पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओं का निरंतर विकास किया जा रहा है। महाराजा बिजली पासी के किले का विकास होने के बाद पर्यटकों के पास राजधानी लखनऊ में भ्रमण और अच्छे विकल्प होंगे।

# ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होने आ रहे आगंतुकों का आवागमन आसान और सुरक्षित होगा

## आयोजन स्थल तक जाने वाले सभी मार्गों को किया जा रहा सुदढ़ आगंतुकों को लखनऊ में सुखद अनुभूति का अहसास होगा

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग राजधानी लखनऊ में आगामी 19 फरवरी से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होने आ रहे आगंतुकों के आवागमन को आसान और सुरक्षित बनाने में पूरी तरह लग गया है। आयोजन स्थल तक जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों को सुदृढ़ और सुन्दरीकरण किया जा रहा सेतुओं और डिवाइडरों की रंगाई–पुताई कराई जा रही है, जिससे शहर का सौदर्यीकरण बढ़ेगा और आगंतुकों को लखनऊ में सुखद अनुभूति का अहसास होगा। प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के अधिशासी अभियंता मनीष वर्मा ने बताया कि लामार्ट विद्यालय में तीन अस्थायी हैलीपैडों का निर्माण कराया जा रहा है। आयोजन स्थल इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने हेतु लामार्ट स्कूल से कालिदास चौराहा, 1090 चौराहा, समतामूलक चौराहा व लोहियापथ चौराहा एल–शेप उपरिगामी सेतु पर रंगाई–पुताई, फुटपाथ मरम्मत, डिवाइडर की रंगाई–पुताई सम्बन्धी कार्य चल रहा है तथा मार्ग की साफ–सफाई का भी कार्य प्रगति में है। आवश्यकतानुसार समता मूलक चौराहे से इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले लोहियापथ पर सतह मरम्मत का कार्य कराया जा चुका है। लोहियापथ पर स्थित एल–शेप उपरिगामी सेतु के पश्चात इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान तक डिवाइडर मरम्मत, फुटपाथ मरम्मत तथा मार्ग के मध्य से गुजरने वाले नाले की आवश्यकतानुसार मरम्मत करायी जा रही है तथा नाले को कवर करने हेतु जहां कहीं भी कवर अनुपलब्ध हैं उसे प्रीकास्ट कराकर कवर की जाने की कार्यवाही की जा रही है तथा वर्तमान में डिवाइडर पेन्टिंग का कार्य कराया जा रहा है। लखनऊ शहर में स्थित हैरीटेज जोन जाने वाले सम्बन्धित मार्गों पर भी आवश्यकतानुसार मरम्मत सम्बन्धी वांछित कार्य कराये जा रहे हैं। लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे से अवध चौराहा होते हुए इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले आगन्तुकगणों की सुविधाध्सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये वी०आई०पी० मार्ग पर मरम्मत का कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। उपरोक्त के अतिरिक्त लोहियापथ स्थित एल–शेप उपरिगामी सेतु के पश्चात इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले मार्ग तथा शहीदपथ मार्ग द्वारा इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान आने वाले मार्ग पर आवश्यकतानुसार सतह मरम्मत का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है।

# बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय कांफ्रेंस का उद्घाटन

संवाददाता।

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 15 फरवरी को भौतिक विज्ञान विभाग, स्कूल ऑफ फिजिकल एण्ड डिसीजन साइंस की ओर से भौतिक विज्ञान मेंविकास – 2024 विषय पर द्वि – दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस का उद्घाटन हुआ। जिसमें देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आये प्रतिभागियों ने भाग लिया। कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० पूनम टंडन उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त मंच पर डीएसडब्ल्यू प्रो० बी० एस० भदौरिया, भौतिक विज्ञान विभाग, स्कूल ऑफ फिजिकल एण्ड डिसीजन साइंस के विभाग प्रमुख एवं संकायाध्यक्ष प्रो० बाल चंद्र यादव, प्रो० देवेश कुमार, डॉ० राजशरण शाही एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अजीत कुमार मौर्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं बाबासाहेब के छायाचित्र को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके पश्चात आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि एवं शिक्षकों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। सर्वप्रथम प्रो० बाल चंद्र यादव ने सभी को मुख्य अतिथि के परिचय से अवगत कराया। इसके पश्चात डॉ० अजीत कुमार मौर्य ने सभी को कार्यक्रम की रुपरेखा की जानकारी दी। दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० पूनम टंडन ने सभी को संबोधित करते हुए कहा, कि आधुनिक विज्ञान की कोई परिसीमा सुनिश्चित नहीं है, क्योंकि विज्ञान ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया है। दूसरी ओर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत बहुविषयी शोध के माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में नये – नयेध प्रयासों की संभावनायें हैं। डीएसडब्ल्यू प्रो० बी० एस० भदौरिया ने अपने विचार रखते हुए कहा, कि भारत में विज्ञान का इतिहास हजारों वर्षों पुराना है। विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों एवं नियमों का हमारे प्राचीन ग्रंथों में उल्लेख देखने कोध मिलता है। भारत देश वेद विद्या के कारण विश्वगुरु था और वह दिन दूर नहीं जब देश विज्ञान विद्या के कारण विश्वगुरु बनेगा। प्रो० बाल चंद्र यादव ने चर्चा के दौरान कहा कि विज्ञान के माध्यम से मनुष्य ने इतनी तरक्की कर ली है कि आज संसाधन के साधनों में मनुष्य बहुत एडवांस हो गया है, इसलिए विज्ञान एक वरदान के रूप में मनुष्य के जीवन में आया है। प्रो० देवेश कुमार ने भी मनुष्य के जीवन में विज्ञान के बढ़ते महत्व पर चर्चा की। साथ ही डॉ० राजशरण शाही ने इस प्रकार की कांफ्रेंस को विद्यार्थियों के लिए शोध,अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में उपयोगी

बताया।अंत में धन्यवाद ज्ञापन का कार्य डॉ० अजीत कुमार मौर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रो० एम. एल. मीणा, डॉ० रमेश चन्द्र, डॉ० ए. के. यादव, डॉ० देवेंद्र सिंह, डॉ० रवि शंकर वर्मा, विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागी, शोधार्थी एवं विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

# लखपति दीदी के लक्ष्यों को पूर्ण करने को दी जाय, सर्वोच्च प्राथमिकता – केशव प्रसाद मौर्य

## विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आने चाहिए ग्राम्य विकास विभाग की वेबसाइट पर सूचनाएं अपडेट रखी जांय

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम्य विकास विभाग के बजट का समय से सदुपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाए। लगातार समीक्षा व अनुश्रवण किया जाए। विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण किये जांय और प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कहा कि विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आने चाहिए। निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास विभाग के सभी कर्मियों, समूहों व लाभार्थियों को नमो ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया जाय ग्राम्य विकास विभाग की उपलब्धियों को हाइलाइट किया जाए। श्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को अपने कैम्प कार्यालय 7– कालिदास मार्ग पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लखपति दीदी के लक्ष्यों को पूर्ण करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय, इसके ठोस रणनीति बनाकर कार्य किया जाए। समूहों को प्रोत्साहित किया जाए। देश में 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को तीन करोड़ कर दिया गया है, इस प्रकार उत्तर प्रदेश का लक्ष्य बढ़ना स्वाभाविक है, इसलिए भी उत्तर प्रदेश को भी लखपति दीदी बनाने की रफ्तार बढ़ानी होगी। ग्राम्य विकास विभाग की वेबसाइट पर सूचनाएं अपडेट रखी जांय। ग्राम्य विकास विभाग की उपलब्धियों को हाइलाइट किया जाए। सीएम डैस बोर्ड में विभाग के निर्धारित बिन्दुओं पर रिपोर्ट अपडेट रखी जाय। कहा कि समूहों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने, उनकी बिक्री कराने के लिए उचित प्लेटफार्म दिलाने के प्रभावी प्रयास किये जांय तथा उनके समूहों के उत्पादों के सर्टिफिकेशन का भी प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा विभागीय कार्यों की साप्ताहिक व पाक्षिक प्रगति रिपोर्ट समय से उपलब्ध करायी जाय, इसके लिए जिम्मेदारी फिक्स की जाय।सीएम डैस बोर्ड में विभाग के निर्धारित बिन्दुओं पर रिपोर्ट अपडेट रखी जाय।उन्होंने निर्देश दिए कि मनरेगा के भुगतान समय से किये जाने की कार्यवाही की जाय, भारत सरकार से जो धनराशि लाई जानी हो, उसकी प्रभावी पैरवी करके समय से पत्राचार करते हुये प्राप्त किया जाए। मनरेगा के श्रमिकों को समय से भुगतान होना ही चाहिए। निर्देश दिए कि मनरेगा श्रमिकों को नियमानुसार विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने की कार्यवाही की जाय। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिए कि पीएमजीएसवाई (प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना)की सड़कों को शत् प्रतिशत एफडीआर तकनीक पर ही बनाया जाय और कहा कि इसकी तैयारी की जाए कि भविष्य में पीएमजीएसवाई की सड़कों को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ही बनाये,इस हेतु जो जरूरी औपचारिकताएं पूरी करनी हो शीघ्र पूरी की जांय। यह भी निर्देश दिए कि पीएमजीएसवाई की सड़कों की नियमित चेकिंग की जाय । उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एफडीआर तकनीक से काम करने वाले कान्ट्रेक्टर्स की बैठक बुलाई जाय। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि एफडीआर तकनीक अपनाने से जिस पैसे की बचत हो रही है, उससे सड़कों के सौन्दर्यीकरण आदि पर व्यय किया जा सकता है,जैसे कहीं पर सड़क किनारे जहां उचित हो राहगीरों, यात्रियों आदि के बैठने के लिए सीटें यूरेनल, जन्कशन इम्प्रूवमेंट, वृक्षारोपण, टी गार्ड आदि, कार्य करा सकते हैं, इसका प्लान बनायें। उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रान्तों के कान्ट्रेक्टर्स व विशेषज्ञों को भी बुलायें , विस्तार से चर्चा की जाए। एफडीआर तकनीक का फायदे का व्यापक सन्देश समाज में दिया जाय। ग्राम्य विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का फीड बैंक लिया जाय उनके वीडियोध् आडियो क्लिप बनाये जांय। उन्हे सोशल मीडिया पर अपलोड करें। अपनी कहानी –अपनी जुबानी ,सक्सेज स्टोरी बनायी जांय। प्रधानमंत्री आवास योजना –ग्रामीण के लाभार्थियों को दी जाने वाली 6 तरह की सुविधाओं से शत प्रतिशत आच्छादित कराया जाए ।विभाग में नया क्या किया जा सकता है , अधिकारी इसका अध्ययन करायें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कई ब्लाक शहरी क्षेत्रों में हो गये हैं, वहां के कर्मचारियों व अधिकारियों की उपयोगिता के बारे में कमेटी बनाकर अध्ययन कराया जाए और उनका उपयोग अन्य स्थानों पर करने के लिए कमेटी सुझाव दे। इसी तरह नये ब्लाकों के निर्माण के लिए तमाम डिमांड आती है, इसके लिए भी कमेटी बनाकर नये ब्लाक की आवश्यकता व उपयोगिता का अध्ययन कराये व कमेटी अपनी रिपोर्ट दे।आवास, मनरेगा, एस आर एल एम के सभी लाभार्थियों का डेटा विभागीय वेबसाइट पर डालने की कार्यवाही की जाय। जहां भी प्रोग्राम हो ,बैंक ड्राप बड़ा बनाया जाय व विभाग की योजनाओं व उपलब्धियों को उस पर रिफ्लेक्ट किया जाए।

# संजय सेठ ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया

लखनऊ(आरएनएस)। राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजय सेठ ने गुरूवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में संजय सेठ ने राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल और निषाद पार्टी के अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, दयाशंकर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, विधान परिषद सदस्य राम चन्द्र प्रधान सहित कई अन्य प्रमुख नेता व पार्टी पदाधिकारी भूपेन्द्र सिंह चौधरी, अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल, निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने पुष्पगुच्छ देकर संजय सेठ को बधाई देते हुए विजय के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## अरविंद केजरीवाल को परेशान करने के लिए फर्जी समन भेजने का आरोप लगाते हुए किया प्रदर्शन मोदी सरकार इस तानाशाही से सच की आवाज नहीं दबा सकते – छवि यादव

लखनऊ(आरएनएस)। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि मोदी सरकार के इशारे पर ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को परेशान करने के लिए फर्जी समन भेजने एवं सांसद संजय सिंह की फर्जी गिरफ्तारी , ईडी द्वारा गवाहों के ऑडियो वीडियो से छेड़छाड़ के खिलाफ गुरुवार को आम आदमी पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ ने जीपीओ हजरतगंज पर विरोध प्रदर्शन किया। व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष छवि यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता जैसे ही जीपीओ के पास पहुंचे करीब 200 पुलिस वाले एकदम से कार्यकर्ताओं पर टूट पड़े। पुलिस वालों का कहना था आज एक भी आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता को नहीं छोड़ेंगे.कार्यकर्ताओं को घसीट कर पुलिस ने बस में डाला, जिससे व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर छवि यादव के सर पर गहरी चोट आई काफी खून निकला। कार्यकताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष छवि यादव ने कहा आज पुलिस प्रशासन का रूप बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था लखनऊ में कदम रखते हैं पुलिस वालों ने जोर आजमाइश शुरू कर दी। मोदी इस तानाशाही से आप सच की आवाज नहीं दबा सकते है। ईडी फर्जी तरीके से अरविंद केजरीवाल को परेशान कर रही है। ईडी गवाहों की वीडियो से जमउतपदह कर रही है। संजय सिंह निर्दोष है उनको फसाने के लिए म्क् गलत गैकानुनी हटकंडे अपना रही है।

# ‘बड़ी धूमधाम ने मनाया इमाम हुसैन का जन्मदिन

लखनऊ(आरएनएस) ।ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हजरत सैय्यद अय्यूब अशरफ व मोहम्मदी मिशन सरपरस्त हजरत सैय्यद याकूब अशरफ व हजरत सैय्यद आले मोहम्मद द्वारा नक्खास के एल डी ए मार्केट में लोगों को सप्रेम भेट देकर सम्मानित किया गया।10वे जश्ने विलादत ए इमाम हुसैन अलेहिस्सलाम के मौके पर ‘खुसूसी खिताब’ औलादे गौसे आजम, जानशीन ए मख्दूम ए सिमना,आले रसूल, फरजन्दे बतूल, खतीबे ए एहले बैत ‘हजरत मौलाना सैय्यद आलमगीर अशरफ अशरफी जिलानी किछौछवी’ ने किया।इस मौके पर नबीरे हजरत सैय्यद अय्यूब अशरफ सैय्यद हुसैन अशरफ ने इमामे हुसैन की जिन्दगी और उनकी कुर्बानियों को याद किया।जशन का संचालन कारी गुलाबुद्दीन ने किया। तिलावत ए कुंआन ए पाक’ कारी इफ्तिखार आलम हबीबी ने किया।नात व मंकबत हजरत सैय्यद उवैस कादरी नकवी, कारी अब्दुल हन्नान बोकाड़वी, कारी जहाँगीर गोण्डवी, कारी मुईनुद्दीन, असीफ बरकाती द्वारा पढ़ी गई।

# मृतक ई -रिक्शा चालक परिवार से मिले विधायक अरमान खान

लखनऊ(आरएनएस) ।लखनऊ पश्चिम विधानसभा के भवानीगंज वार्ड के बैरागी टोला में 9 फरवरी को लखनऊ नगर निगम कर्मचारियों द्वारा सीलिंग कार्यवाही से प्रताड़ित होकर आत्महत्या करने वाले गरीब ई–रिक्शा चालक शीतल कश्यप के परिवार से लखनऊ पश्चिम के विधायक अरमान खान ने मिल कर उनका दुख बांटा और परिवार को यथासंभव आर्थिक सहायता प्रदान की, साथ ही उक्त दुखद घटना में उचित कार्यवाही और परिवार की सहायता के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता करके निर्देश भी दिए, लखनऊ पश्चिम के विधायक अरमान खान ने कहां कि ईश्वर मृतक की आत्मा को शांति और परिवार को ये अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करे ।

## भाजपा सरकार सत्ता और तकनीक का नकारात्मक इस्तेमाल कर रही- अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सत्ता और तकनीक का नकारात्मक इस्तेमाल कर रही है। भाजपा सरकार अन्नदाताओं पर अत्याचार कर रही है। किसानों की मांगों को मानने के बजाय उन पर आंसू गैस के गोले दागकर लाठियां बरसायी जा रही है। पूरा देश देख रहा है भाजपा सरकार किसानों के साथ किस तरह का व्यवहार कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से कई झूठे वादे किए, बड़े–बड़े सपने दिखाए। दस साल सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा की केन्द्र सरकार ने किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। किसानों को सम्मान निधि देने के बजाय उसकी वसूली शुरू कर दी। किसान के उपयोग की खाद, बीज, कृषि यंत्र, डीजल, सभी तो महंगा है। बिजली महंगी है। किसान की लागत के सापेक्ष फसल का मूल्य नहीं मिल रहा है। एमएसपी को अनिवार्य करने की मांग केन्द्र सरकार ने ठुकरा दिया है। कहा कि भाजपा के झूठे वादों से किसानों के सब्र का बांध टूट चुका है। किसानों को अब भाजपा सरकार के झूठे वादे नहीं चाहिए। मांगे पूरी होनी चाहिए। किसानों को लेकर भाजपा की कथनी और करनी में हमेशा से अंतर रहा है। भाजपा किसान के हितों के बजाय पूंजीपतियों के हितों का संरक्षण कर रही है। किसान को बिचौलियों का बंधक बनाकर रखना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों की मांगों के समर्थन में है क्योंकि उनकी मांगे न्यायोचित है। किसान देश का अन्नदाता है। अन्नदाता का अपमान सरकार को बहुत भारी पड़ेगा। देश का किसान भाजपा को भली भांति समझ चुका है। किसान अब एकजुट होकर भाजपा को सबक सिखाएगा। 2024 में किसान देश में बदलाव लाएंगे और देश में सकारात्मक सरकार बनाएंगे।

# कन्या सुमंगला योजना के तहत अब सभी 6 श्रेणियों में मिलेगी बड़ी हुई धनराशि

लखनऊ(आरएनएस)। महिलाओं के सशक्तिकरण के मिशन को प्राथमिकता के आधार पर प्रदेश में आगे बढ़ा रही योगी सरकार ने बजट 2024–25 से 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' के तहत प्रदान की जाने वाली कुल धनराशि को 15000 रुपए से बढ़ाकर 25000 रुपए कर दिया है। यह धनराशि 6 किश्तों या यूं कहें कि 6 श्रेणियों में प्रदान की जाती है। बजट में किए गए प्राविधान के अनुसार सभी 6 श्रेणियों में धनराशि को बढ़ाया गया है। उल्लेखनीय है कि कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करने, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देने, बालिकाओं का स्वावलम्बी बनाने में सहायता प्रदान करने तथा बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में अप्रैल, 2019 से 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' संचालित है।

# केरल पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये हेली–टूरिज्म को देगा बढ़ावा

## एडवेंचर टूरिज्म के बड़े-बड़े इवेंट्स का आयोजन करने की है योजना

### वागामोन में पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल, वारकला में सर्फिंग फेस्टिवल, मननथावाडी में एमटीबी केरला और कोडेनचेरी में मलाबार रिवर फेस्टिवल होंगे

लखनऊ, 1 (आरएनएस) केरला टूरिज्ध्म 2024 में नई ऊँचाइयाँ छूने को तैयार है। इस कड़ी में इसने आज राष्ध्ट्रीय राजधानी में नये–नये प्रोडक्ध्ट्स पेश किये हैं, जिसमें हेली–टूरिज्ध्म भी शामिल है। हेली–टूरिज्ध्म घरेलू पर्यटकों की संख्ध्या बढ़ाने के लिये केरला टूरिज्ध्म के आक्रामक अभियान के तहत राज्ध्य के प्रमुख गंतव्ध्यों को जोड़ेगा।

केरल के पर्यटन मंत्री पी. ए. मोहम्ध्मद रियास ने कहा, ''हेली–टूरिज्ध्म की ब्रांडिंग ‘स्ध्काय एस्ध्कैप्ध्स’ के नाम से की गई है। इसकी योजना तीन दशक पहले राज्ध्य में दिखे हाउसबोट्स की तर्ज पर एक गेम–चेंजर के रूप में बनाई गई है। यह भारत और विदेशों से पर्यटकों को आकर्षित करेगा। रियास ने आगे कहा, ''केरल देश का पहला राज्ध्य बन चुका है, जोकि पर्यटन के लिये हेली–टूरिज्ध्म की एक विस्ध्तृत नीति लेकर आया है। हेलीकॉप्ध्टर सेवा प्रदाताओं के ट्रैवेल पैकेजेस का विवरण देने वाली एक माइक्रो–साइट बनाई गई है। एक ही दौरे में विभिन्ध्न जगहों पर जाने की योजना बना रहे पर्यटकों को इस पहल से काफी मदद मिलेगी। इस तरह केरल पर्यटन का एक इंटर–कनेक्ध्टेड हॉटस्ध्पॉट बनेगा।'' इसके आगे, मंत्री ने कहा, ''नये साल में हमने राज्ध्य में घरेलू पर्यटकों की मौजूदगी बढ़ाने के लिये मार्केटिंग की एक आक्रामक रणनीति बनाई है। केरला टूरिज्ध्म के कैम्ध्पेन ‘मेक अप फॉर लॉस्ध्ट टाइम, पैक अप फॉर केरला'' को प्रतिष्ठित पीएटीए गोल्ध्ड अवार्ड मिला है। यह अवार्ड प्रचार के लिये उसकी अभिनव पहल को साबित करता है।''पर्यटन मंत्री रियास ने बताया कि केरल को एडवेंचर टूरिज्ध्म के वैश्विक मानचित्र पर स्ध्थापित करने के लक्ष्ध्य से सरकार ने इस साल इंटरनेशनल एडवेंचर स्ध्पोर्ट्स के चार आयोजनों की मेजबानी करने का फैसला लिया है। दुनियाभर में एडवेंचर टूरिज्ध्म के वर्ष 2032 तक 20: बढ़ने की उम्ध्मीद थी। इसकी घरेलू पर्यटन की तरक्ध्की में भी बड़ी भूमिका रही है। मंत्रीजी ने कहा कि हमने एडवेंचर टूरिज्ध्म के कई बड़े इवेंट्स का आयोजन करने की भी योजना बनाई है। हमारे राज्ध्य के भूगोल में पहाड़ों, नदियों, समुद्री तटों और नहरों का चुनौतीपूर्ण मिश्रण मौजूद है जोकि इस सेगमेंट के लिए असीम संभावना पेश करता है।''14 से 17 मार्च तक इडुक्ध्की के वागामोन में इंटरनेशनल पैराग्ध्लाइडिंग फेस्टिवल, 29 से 31 मार्च तक वारकला में इंटरनेशनल सर्फिंग फेस्टिवल, 26 से 28 अप्रैल तक मननथावाडी, वायनाड के प्रियदर्शिनी चाय बागान में मेगा माउंटेन बाइकिंग इवेंट, एमटीबी केरला 2024 और 25 से 28 जुलाई तक कोझिकोड के कोडेनचेरी में द मलाबार रिवर फेस्टिवल 2024 का आयोजन होगा। केरला टूरिज्ध्म राज्ध्य को शादियों के लिये एक आदर्श डेस्टिनेशन के तौर पर बढ़ावा देने के लिये भी ठोस प्रयास कर रहा है। इसके लिये राज्ध्य की आकर्षक प्राकृतिक सुंदरता, खूबसूरत गंतव्ध्यों, ठहरने एवं बैंक्ध्वेट की शानदार सुविधाओं तथा कनेक्टिविटी का इस्ध्तेमाल हो रहा है। हाल के ट्रेंड दिखाते हैं कि अब राज्ध्य में अच्ध्छी संख्ध्या में डेस्टिनेशन वेडिंग्ध्स हो रही हैं।

# धूम धाम से मनाया गया प्राण प्रतिष्ठा महा महोत्सव

संजीव कुमार शुक्ला लखनऊ । अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर सेक्टर



एफ सुशांत गोल्फ सिटी, सुलतानपुर रोड, शहीद पथ लखनऊ में एकादशम (11वां) प्राण प्रतिष्ठा महा महोत्सव धूम धाम से मनाया गया, जिसमे विशेष भक्त मंडली ने सुन्दर कीर्तन किया, भगवान का प्रथम पूजन व अभिषेक श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी (अध्यक्ष, इस्कॉन लखनऊ) द्वारा किया गयाभक्तो द्वारा बड़े ही उल्लास से भजन, नृत्य,भगवान की आरती एवं परिक्रमा की गयी स साथ ही साथ फूलों से विशेष श्रंगार किया गयाएकादशम प्राण प्रतिष्ठा महामहोत्सव पर भगवत कथा में मन्दिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने बताया कि श्री श्री राधारमण बिहारी जी लखनऊ वासियों पर कृपा करने के लिए अर्चा विग्रह के रूप में आज ही के दिन प्रकट हुये थे, उनका यह प्राकट्य लखनऊ से सेवा लेने के लिए हुआ है, क्योंकि हम जिसकी सेवा करते हैं उससे उतना ही प्रेम करते हैं जैसे आम जीवन में व्यक्ति अपने माता–पिता की अपेक्षा अपने पुत्र–पुत्री की सेवा करता है, अर्थात व्यक्ति का प्रेम माता–पिता से अधिक बच्चों से होता है, इसी तरह जब हम भगवान की सेवा प्रेम भाव से करेंगे तो हमारा उनसे प्रेम होगा।अंत मे मंदिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने सभी लोगों से श्रीमद्भगवतगीता यथारूप स्वाध्याय, हरिनाम जप एवं श्री श्री राधारमण बिहारी जी की अधिक से अधिक प्रेम भाव से सेवा करने के लिए निवेदन किया, जिससे उनकी कृपा हम सबको प्राप्त हो।कार्यक्रम के समापन पर सभी भक्तों हेतु स्वादिष्ट प्रसादम (भंडारा) का आयोजन किया गया ।

# होमियोपैथी में सफल इलाज पर डॉ मोनिका गोस्वामी को सम्मानित किया गया

झाँसी! आज होमियोपैथी में बाल के द्वारा सफल इलाज पर डॉ मोनिका गोस्वामी द्वारा प्रस्तुत किया गया शोध पत्र में पटना अधिवेशन भवन सभागार में आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ होमियोपैथिक में झाँसी की डॉ मोनिका गोस्वामी ने होमियोपैथी में बाल द्वारा असाध्य रोगों को ठीक करने पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया इस कॉन्फ्रेंस में विश्व विख्यात डॉ फारूख जे मास्टर (मुंबई ) सहित पूरे देश से आये होमियोपैथिक चिकित्सकों ने डॉ मोनिका गोस्वामी के शोधा पत्र की सराहना की एवं कार्यक्रम में डॉ गोस्वामी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया




# आधा दर्जन अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) थाना सदर बाजार पुलिस ने छह अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार किये हैं। जिनके कब्जे से 32 किलोग्राम अवैध गांजा, गांजा तस्करी में प्रयुक्त दो कार, अवैध तमंचा 315 बोर दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। चेकिंग के दौरान दो कार एस क्रॉस व टाटा टिगोर से गांजे का अवैध परिवहन करते हुए रवि पुत्र रामबाबू उर्फ ओमप्रकाश निवासी अर्जुनपुरा डीग गेट थाना गोविन्द नगर मथुरा, प्रदीप पुत्र दीवान सिंह निवासी गिरधरपुर थाना हाईवे मथुरा, भारत पुत्र मिट्ठू सिंह निवासी मथुरा गेट थाना मथुरा गेट



जिला भरतपुर राजस्थान, पुष्कर सिंह पुत्र ध्रुव सिंह निवासी नगला फौजदार डीग थाना सदर डीग जिला डीग राजस्थान हाल निवासी शिव नगर कालोनी थाना कोतवाली भरतपुर, राकेश पुत्र पप्पू सिंह निवासी शास्त्री नगर थाना मथुरा गेट जिला भरतपुर राजस्थान तथा वीरेन्द्र सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम कुन्दरा थाना चिकसौना जिला भरतपुर राजस्थान को रामलीला ग्राउंड सदर बाजार से करीब से गिरफ्तार किया गया। रवि के विरूद्ध 13, प्रदीप के विरुद्ध पांच आपराधिक मामले पहले से ही दर्ज हैं। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार छोटेलाल, उप निरीक्षक सुनील कुमार, उप निरीक्षक अमित कुमार त्यागी, उप निरीक्षक विदित कुमार आदि थे।

# ‘कैम्ब्रिज स्कूल्स कान्क्लेव’ में प्रतिभाग हेतु सी.एम.एस. शिक्षाविद् गोवा रवाना

लखनऊ, 15 फरवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल का चार सदस्यीय शिक्षक दल दो दिवसीय ‘कैम्ब्रिज स्कूल्स साउथ ईस्ट एशिया कान्क्लेव’ में प्रतिभाग हेतु आज गोवा रवाना हो गया। यह सम्मेलन कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल, लंदन के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कई देशों के 700 से अधिक शिक्षाविद् प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग हेतु गोवा रवाना होने वाली शिक्षिकाओं में सी.एम.एस. कैम्ब्रिज एजूकेशन की डीन सुश्री सुषमा राजकुमार, सुश्री मशीरा आरिफ, सुश्री सना शमीम एवं सुश्री मनीषा चतुर्वेदी शामिल हैं। इस सम्मेलन में सी.एम.एस. शिक्षिकायें देश–विदेश से पधारे शिक्षाविद्ों को सी.एम.एस. की शिक्षा पद्धति से अवगत करायेंगी, साथ ही वैश्विक परिप्रेक्ष्य के अनुरूप छात्रों को तैयार करने, उनकी योग्यता को बढ़ाने एवं उनकी रचनात्मक ऊर्जा को समाज, देश व विश्व मानवता के कल्याण हेतु प्रेरित करने हेतु सार्थक विचार रखेंगी। विदित हो कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तीन कैम्पसों सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस, अलीगंज प्रथम कैम्पस एवं राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस में कैम्ब्रिज पाठ्यक्रम की कक्षायें संचालित की जा रही हैं तथापि अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सी.एम.एस. शिक्षकों के गहन अनुभवों को देखते हुए इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग हेतु विशेष रूप से आमन्त्रित किया है। कैम्बिज का अनूठा पाठयक्रम व शिक्षण पद्धति छात्रों को स्पष्ट वैचारिक समझदारी तथा विषय का पूरा ज्ञान प्रदान करता है, जो आगे चलकर वैश्विक सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। सी.एम.एस. का कैम्ब्रिज सेक्शन कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल एसेसमेन्ट एजूकेशन (सी.ए.आई.ई.) परीक्षा बोर्ड से संबद्ध है, जिसे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विकास व सफलता का पासपोर्ट माना जाता है। कैम्ब्रिज बोर्ड अपने सम्बद्ध स्कूलों तथा शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास से भरपूर, जिम्मेदार, विचारवान, रचनाशील तथा कर्तव्यपराण बनाने के लिए तैयार करता है।



# जेसीआई ने बसंत पंचमी पर्व का आयोजन किया

झांसी! जे सी आई क्वीन ऑफ झांसी ने प्रेसिडेंट विनीता श्रीवास्तव जी की अध्यक्षता में बसंत पंचमी पर्व का आयोजन किया इस कार्यक्रम में सब ने मिलकर सरस्वती मां की पूजा की और बसंत पंचमी पर क्विज कांटेस्ट किया गया गेम खेले गये हाउसी खेली बहुत मस्ती की और बच्चों को भी इस दिन के महत्व को समझाया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य जोली खान ,सारिका जैन, रश्मि श्रीवास्तव ,कविता जैन ,रश्मि दीक्षित , मुस्कान ,रंजना वर्मा, मंजू सरावगी ,गजाल ,अनुष्का शर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे अंत में चार्टर प्रेसिडेंट बेबी नाज जी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया



# किसान आंदोलन के बीच किसान संगठनों में भी जारी है ’दलबदल’

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) किसान आंदोलन के बीच किसान संगठनों में भी दलबदल जारी है। जनपद में कई किसान संगठनों से जुडे नेता जहां चुप्पी साध गया हैं वहीं कई संगठनों में दल बदल जैसी स्थिति है। इस समय भाकियू टिकैत का दामन छोड़ने वाले नेताओं की संख्या में यकायक इजाफा हो गया है। ये नेता भाकियू अराजनैतिक और दूसरे किसान संगठनों का रूख कर रहे हैं। अब



तक कई दर्जन नेता और कार्यकर्ता किसान संगठनों में अपना ठिकाना बदल चुके हैं। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक पंचायत लक्ष्मी नगर बलदेव रोड कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। पंचायत में भाकियू टिकैत के निवर्तमान जिला अध्यक्ष आगरा मंडल महासचिव देवेंद्र कुमार रघुवंशी ने अपने एक दर्जन समर्थकों के साथ भारतीय किसान यूनियन टिकैत से त्यागपत्र देकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की सदस्यता ग्रहण की। भाकियू अराजनैतिक के आगरा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर ने देवेंद्र कुमार रघुवंशी और अन्य कार्यकर्ताओं को सदस्यता ग्रहण कराई। राजकुमार तोमर ने देवेंद्र कुमार रघुवंशी को संगठन में आगरा मंडल वरिष्ठ महासचिव नियुक्त किया है। नवनियुक्त आगरा मंडल के वरिष्ठ महासचिव देवेंद्र कुमार रघुवंशी का भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष सोनवीर चौधरी, महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी, महानगर संयोजक विजय सिंघल, भूरा पहलवान ने स्वाफा बाघ कर व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। भाकियू अराजनैतिक के आगरा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर ने कहा देवेंद्र कुमार रघुवंशी के संगठन में आने से भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन मथुरा जनपद में काफी मजबूत होगा। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत से त्यागपत्र देने वालों में प्रमुख रूप से मनोज प्रधान, राहुल शर्मा, दिनेश फौजी, लखन, अमित सिह, अनुज सिह, रामभरोसे सिंह, श्यामलाल, भजन सिंह यादव, मुकेश सिंह, पवन शर्मा, गौरव चौधरी, मनोज यादव आदि हैं।

# धूमधाम से मनाया गया संत भीखादास रामजस समूह का 39 वाँ वार्षिकोत्सव

## –छात्र छात्राओं ने पेश किए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

अमानीगंज–अयोध्या(आरएनएस )। संत भीखादास रामजस समूह मोहली का 39 वां वार्षिकोत्सव गुरुवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समूह के 8 शिक्षण संस्थानों के छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह का शुभारम्भ रूदौली विधायक राम चन्द्र यादव ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।मुख्य अतिथि रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूज्य सन्त भीखादास की छत्रछाया में संचालित संत भीखा दास रामजस शिक्षण समूह की संस्थाएं शिक्षा की ज्योति जला रही हैं अनेक छात्र संस्थान में अध्ययन कर रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। मेडिकल, कानून और शिक्षा के क्षेत्र में अनेक मेधावी शिक्षण संस्थान से ऊंचाई प्राप्त कर चुके हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाले ग्रामीण क्षेत्र के इस महाविद्यालय से क्षेत्र के लोग अपने को गौरवान्वित महसूस करते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया की कड़ी मेहनत के साथ शिक्षा अर्जित कर देंश और समाज में नाम रोशन करें। संस्थान के संस्थापक डॉ एनसी तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय की स्थापना और उसे निरंतर प्रगति पर ले जाने में क्षेत्रवासियों का हमेशा सहयोग रहा है जिसके लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं। अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। समूह के निदेशक डा० सर्वेश तिवारी , डा० शैलेष तिवारी, ओम प्रकाश तिवारी ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ देव कुमार दुबे ने किया। गीत प्रभु श्री राम आयें है पर संस्थान के छात्रों द्वारा प्रस्तुत अभिनय विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अभिनय से समारोह का माहौल राममय हो गया और लोग राम आयें हैं गीत गुनगुनाने लगे। संस्थान के विभिन्न संकायों के छात्रों ने अनेक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वार्षिकोत्सव के अवसर पर डॉ रमेश मिश्रा, भवानी फेर मिश्र, संतोष सिंह, आनंद सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, राम अवध दूबे, मनोज दूबे, प्रताप नारायण मिश्र, शिक्षक नेता जय हिन्द सिंह, नीरज मिश्रा, सुधाकर सिंह सहित भारी संख्या में अनेक विद्यालयो के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं सामाजिक लोग एवं संत भीखा दास ग्रुप के विभिन्न कॉलेजों के छात्र उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि का समय से किया जाये व्यय - सी०एम०ओ०

झांसी! डा0 सुधाकर पाण्डेय मुख्य चिकित्सा अधिकारी झांसी की अध्यक्षता में सी०एम०ओ० कार्यालय में राज्य स्तरीय टीम द्वारा वित्तीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। राज्य स्तर से श्री पराग पाण्डेय महाप्रबंधक, ई०एम०टी०एस० एनएच०एम० लखनऊ, श्री बलराम तिवारी कन्सलटेन्ट सी०पी० एनएच०एम० लखनऊ एवं श्री संदीप कनौजिया इंटरनल आडीटर एनएच०एम० लखनऊ शामिल थे टीम द्वारा विकासखण्ड बबीना का निरीक्षण किये जाने के पश्चात जनपद झासी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि के व्यय की समीक्षा की गई। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डा० एन०के०जैन द्वारा एन०एच०एम० के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों की वित्तीय प्रगति प्रस्तुत की गई मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, किशोर स्वास्थ्य, राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूनल कार्यक्रम, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलम कार्यक्रम, पीसीपीएनडीटी, राष्ट्रीय वैक्टर जनित नियंत्रण कार्यक्रम, गैर संचारी रोग कार्यक्रम आदि सभी कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। वित्तीय प्रगति कम पाये जाने पर सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वित्तीय वर्ष 2022–23 की कमिटेड धनराशि तथा 2023–24 में शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि का व्यय समयान्तर्गत नियमानुसार करा लिया जाये मुख्य चिकित्सा अधिकारी झांसी द्वारा जनपद झांसी की सभी नोडल अधिकारियों को समयबद्ध नियमानुसार भुगतान हेतु निर्देश दिये गये



# 33वीं वाहिनी पीएनी झाँसी में वाहिनी का 53वाँ स्थापना दिवस मनाया गया

झांसी! प्रत्येक वर्ष की भाँति 33वीं वाहिनी पीएनी झाँसी में वाहिनी का 53वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम सेनानायक अजीत कुमार सिन्हा द्वारा वाहिनी शस्त्रागार पर वाहिनी में नियुक्त सभी अधि0ध्कर्म0 की उपस्थिति में शस्त्र पूजन कर मिष्ठान वितरण किया गया इसके उपरान्त वाहिनी में आयोजित होने वाले मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजीत कुमार सिन्हा सेनानायक 33वीं वाहिनी पीएसी झाँसी द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमें वाहिनी के विभिन्न दल व शाखाओं द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों के प्रसिद्ध सामग्रीयों जैसे आगरा का पेठा, पिलखुआ की चादरें, मेरठ का स्पोर्ट्स आइटम, आलीगढ़ के ताले, राजस्थानी परिधान व जूतियाँ, बनारसी साड़ियाँ, भदोही का गलीचा, चुनार की मिट्टी का सामान, चिकिन के कपड़े, माधवगढ़ का देसी गुड़ व घी तथा रानीपुर की दरी, चंदेरी की साड़ी, सुमेरपुर की जूती आदि का स्टॉल लगाया गया । मुख्य अतिथि द्वारा सभी स्टॉल का निरीक्षण कर जी दल का प्रथम स्थान, एफ दल को द्वितीय स्थान एवं बी दल को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। वाहिनी में आवासित परिवारजन तथा स्थानीय लोगों द्वारा मेले में अत्यधिक संख्या में आकर मेले का लुत्फ उठाया गया इस आयोजन में सहायक सेनानायक रामदुलार यादव, सहायक शिविरपाल श्री निहाल सिंह सेंगर, सूबेदार मैन्य सहायक धर्मराज भदौरिया तथा वाहिनी के सभी अधि0ध्कर्म० उपस्थित रहे





# रेनबो इंटर कॉलेज के विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल हुए विधायक शफीक अंसारी

लईक सैफी टाण्डा जिला रामपुर।क्षेत्र के सीकमपुर चौराहे पर स्थित रैनबो इंटर कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी ने शिरकत की।इस अवसर पर कॉलेज की छात्र–छात्राओं ने विभिन्न आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ ही विदाई गीत भी पेश किये।गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक रैनबो इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र–छात्राओं के विदाई समारोह में शामिल हुए।कॉलेज पहुंचने पर विधायक का प्रबन्धक संजीव कुमार, सह संस्थापक राजीव चौहान ने बुके देकर स्वागत किया। विधायक ने विद्यालय में विगत वर्ष के हाई स्कूल और इंटर के जनपद टॉपर्स खुशी दिवाकर और नागेश्वर चौहान और पारित कुमार सिंह को मेडल देकर समान्नित किया। कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इसके बाद विधायक ने नगर पंचायत दढियाल में अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। विधायक ने बताया कि श्मशान स्थल के निर्माण का प्रस्ताव पास हो चुका है। शमशान स्थल की जमीन ढाई एकड़ है। जमीन निकलवाने के लिये एसडीएम टांडा एवं नगर पंचायत दढियाल अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया है।उन्होंने बताया श्मशान स्थल का कार्य जल्द शुरू हो जाएगा।इस अवसर पर एसडीएम टांडा,कोतवाल टांडा सुरेंद्र सिंह पचौरी, नगर पंचायत दढियाल ईओ विवेक गौड़, शरीफ नेताजी, इकराम अंसारी, विद्यालय प्रबंधक संजीव कुमार एडवोकेट, सह संस्थापक राजीव सिंह चौहान, लता, मीना देवी, हरकेश सिंह, राजीव सिंह कुशवाह, ओमप्रकाश सिंह, विनोद कुमार, होराम सिंह, रोशन सिंह, दिनेश कुमार, विशाल जयपाल, आदि उपस्थित रहे।



# बीआरसी नेकपुर पर चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शुरू

लईक सैफी टाण्डा।ब्लॉक संसाधन केंद्र नेकपुर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सद्दीक अहमद के दिशा–निर्देशन में 50–50 के दो बैचों में एफएलएन प्रशिक्षण बृहस्पतिवार से आरंभ हो गया। यह प्रशिक्षण प्राथमिक विद्यालय के समस्त शिक्षकों व शिक्षामित्रों को दिया जा रहा है।इस अवसर पर बीईओ सद्दीक अहमद ने कहा कि शिक्षक पूरी गहनता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें और फिर इस प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए तौर–तरीकों को अपने विद्यालय में लागू कर बच्चों के शैक्षिक स्तर को बेहतर बनाने में करें।प्रशिक्षण के दौरान एआरपी वसीम राजा, सुभाषचंद्र, मोहम्मद अनीस,सतवीर सिंह और सुरेन्द्रपाल सिंह ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों को बताया।विभिन्न आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण को अंजाम दिया गया।प्रशिक्षण को व्यवस्थित करने में अब्दुल वाजिद,हर्ष यादव,केपी सिंह,गौरव कुमार और मोहम्मद उमैर ने सहयोग प्रदान किया।इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह,अशरफ अली पाशा,निधु देओल, शीवा निसार,नाजिया तबस्सुम, रुखसाना,मयंक भारद्वाज, इंसाफ अली, इंद्रेश कुमारी, इरफान अली,आरिफ हुसैन,पंकज सागर,फरहाना मलिक, कौशल कुमारी, शोभा खन्ना, चंचल, अनीता,आरती,कविता रानी,अतुल कुमार, रिंकल चौधरी, भारती, जीतू सिंह और इंतिजाम अली आदि मौजूद रहे।



# सरफराज खान ने डेब्यू मैच में मचाया तहलका, 48 गेंदों में जड़ी फिफ्टी



सरफराज खान को लंबे समय के बाद डेब्यू का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने नंबर 5 पर उतर कर बेहतरीन गेंदबाजी की। इसके साथ ही उन्होंने 48 गेंदों में सबसे तेज अर्धशतक जड़कर सबको अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे मैच में सरफराज खान को लंबे समय के बाद डेब्यू का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने नंबर 5 पर उतर कर बेहतरीन गेंदबाजी की। इसके साथ ही उन्होंने 48 गेंदों में सबसे तेज अर्धशतक जड़कर सबको अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया। सरफराज खान ने 61 रन की पारी खेली और रन आउट हो गए। इस दौरान उन्होंने 9 चौके भी लगाए। सरफराज जब भारत के लिए बल्लेबाजी करने आए थे तो टीम मजबूत स्थिति में थी। कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने टीम को एक मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

# जय शाह ने किया कन्फर्म, टी20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा होंगे कप्तान

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बुधवार को यहां कहा कि इस साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा भारत की कप्तानी करेंगे। वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल में हार के बाद विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर बल्लेबाजों ने जून में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने की इच्छा जाहिर की।इ भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने बुधवार को यहां कहा कि इस साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा भारत की कप्तानी करेंगे। भारत के पास हार्दिक पंड्या के रूप में छोटे प्रारूप का पूर्ण कालिक कप्तान है लेकिन वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल में हार के बाद विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर बल्लेबाजों ने जून में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने की इच्छा जाहिर की।

शाह ने कहा,'' हम 2023 में लगातार 10 जीत के बावजूद अहमदाबाद में विश्व कप नहीं जीत पाए लेकिन हमने दिलों को जीता। मैं आपसे वादा करना चाहता हूं कि 2024 (टी20 विश्व कप) में बारबाडोस (फाइनल का स्थान) में हम रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत का झंडा गाड़ेंगे।'' शाह खंडेरी में सौराष्ट्र



क्रिकेट संघ स्टेडियम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस स्टेडियम का नाम अब अनुभवी क्रिकेट प्रशासक निरंजन शाह के नाम पर रखा गया है। इस अवसर पर पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर और अनिल कुंबले तथा आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में चयन समिति के अध्यक्ष अजीत आगरकर, भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के अलावा रोहित शर्मा, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ के कुछ सदस्यों ने भी हिस्सा लिया।

# इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में अश्विन रचेंगे इतिहास! रविंद्र जडेजा ने किया दावा

पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला 15 फरवरी से खेला जाएगा। राजकोट टेस्ट भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए ऐतिहासिक होना तय है। राजकोट रविंद्र जडेजा का होमटाउन है और यहां अश्विन का इतिहास रचना तय है। जडेजा ने भी इस बात का दावा ठोक दिया है कि उनके होमटाउन में अश्विन इतिहास रचेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला 15 फरवरी से खेला जाएगा। राजकोट टेस्ट भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए ऐतिहासिक होना तय है। राजकोट रविंद्र जडेजा का होमटाउन है और यहां अश्विन का इतिहास रचना तय है। जडेजा ने भी इस बात का दावा ठोक दिया है



कि उनके होमटाउन में अश्विन इतिहास रचेंगे। दरअसल, आर अश्विन 499 टेस्ट विकेट अपने नाम कर चुके हैं। ऐसे में राजकोट टेस्ट में अगर वो एक विकेट भी झटक लेते हैं तो वो टेस्ट करियर में 500 विकेट पूरे कर लेंगे। इसलिए उन्हें सिर्फ 1 विकेट की दरकार है, अब तक शुरुआती दो टेस्ट में अश्विन ने जिस तरह की गेंदबाजी की है, उसे देख यही लगता है कि वो एक विकेट लेने में आसानी से कामयाब हो जाएंगे। बीसीसीआई ने राजकोट टेस्ट से पहले रविंद्र जडेजा की एक वीडियो शेयर की है। जिसमें वो मीडिया के सवाल के जवाब देते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अश्विन के 500 विकेट को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि, जाहिर है मैं बहुत उत्साहित हूं, मैं उसके साथ 12—13 सालों से खेल रहा हूं और 500 टेस्ट विकेट पूरे कर इस माइलस्टोन को हासिल करना बहुत बड़ी चीज है। मैं उसके लिए बहुत खुश हूं मुझे लगा था कि वो पहले मैच में ही अपने 500 विकेट पूरे कर लेगा। लेकिन ठीक है भाग्य में लिखा है कि मेरे होमटाउन राजकोट में पूरे होंगे तो कर लेगा। गौरतलब है कि, अभी तक भारत और इंग्लैंड के बीच दो मुकाबले खेले जा चुके हैं।

इन मुकाबलों में अश्विन ने 9 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में 6 विकेट झटके जबकि दूसरे में उन्हें 3 विकेट की सफलता मिली।

## आईपीएल 2024 का आयोजन भारत में ही होगा, चुनाव की तारीखों के बाद शेड्यूल का ऐलान



आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने आईपीएल 2024 का आयोजन भारत में ही होने के संकेत दिए हैं। वहीं आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला 26 मई को खेला जा सकता है। हालांकि, फाइनल की तारीख अभी तय नहीं है लेकिन वर्ल्ड कप 2024 शुरू होने से पहले बीसीसीआई टीम इंडि आईपीएल 2024 का आयोजन भारत में ही होगा। इसके संकेत आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल की तरफ से दिए गए हैं। इससे पहले लोकसभा चुनाव के कारण से आईपीएल का 17वां सीजन यूएई या फिर दक्षिण अफ्रीका में होने के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन अब इन कयासों पर पूर्ण विराम लग गया है। वहीं आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला 26 मई को खेला जा सकता है। हालांकि, फाइनल की तारीख अभी तय नहीं है लेकिन वर्ल्ड कप 2024 शुरू होने से पहले बीसीसीआई टीम इंडिया के खिलाड़ियों को 8 से 10 दिन का वक्त देना चाहती है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए अरुण धूमल ने दावा किया कि आईपीएल 2024 का आयोजन भारत में ही होगा। अरुण धूमल ने कहा कि, आईपीएल 17वां सीजन भारत में ही खेला जाएगा। बीसीसीआई जल्द ही आईपीएल 17वें सीजन की तारीखों का ऐलान करने वाला है। हमें लोकसभा चुनाव की तारीखों का इंतजार है। जैसे ही लोकसभा चुनाव की घोषणा होगी उसके बाद हम आईपीएल 2024 का शेड्यूल जारी कर देंगे। यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला 26 मई को खेला जा सकता है। टी20 वर्ल्ड कप का आगाज 5 जून से होने जा रहा है इसलिए बीसीसीआई खिलाड़ियों को तैयारी के लिए 8 से 10 दिन का वक्त दे सकती है।

# रोहित शर्मा ने अपने शतक से किया इंग्लिश गेंदबाजों को शांत

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ 157 गेंदों में अपना शतक जड़ा है। रोहित शर्मा ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के भी लगाए हैं। दरअसल, भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन पहले ही सेशन के शुरुआत में ही भारत ने अपने तीन विकेट गंवा दिए। राजकोट में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। जहां भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बेहतरीन फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ



157 गेंदों में अपना शतक जड़ा है। रोहित शर्मा ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के भी लगाए हैं। दरअसल, भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन पहले ही सेशन के शुरुआत में ही भारत ने अपने तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने चौथे विकेट के लिए 152 रन की अटूट साझेदारी करके भारतीय पारी को संवारने का काम किया है। पिछले दो मैच में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले रोहित का भाग्य ने भी साथ दिया। जेम्स एंडरसन की गेंद पर उन्हें एलबीडब्ल्यू करार दिया गया लेकिन क्टै ने उन्हें जीवनदान दिया। इसके कुछ ओवर बाद जो रूट ने हार्टली की गेदं पर स्लिप में उनका कैच छोड़ा। रोहित उस समय 27 रन पर खेल रहे थे। रोहित शर्मा का इस साल का ये दूसरा शतक है। इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में उन्होंने शतक लगाया था। टेस्ट में रोहित का ये 11वां शतक है।

# सरफराज खान को डेब्यू कैप मिलते ही भावुक हुए पिता, जैकेट पर लिखा नजर आया स्पेशल मैसेज

तीसरे टेस्ट में सरफराज खान का लंबा इंतजार आखिरकार खत्म हो गया। उन्हें टीम इंडिया की कैप सौंपी गई, जिसके बाद उनका टेस्ट डेब्यू हुआ। इस दौरान उनके पिता भी भावुक



नजर आए। सरफराज खान को डेब्यू कैप मिलने के बाद उनके पिता को रोते हुए देखा गया। उन्होंने अपने बेटे को गले लगाया और डेब्यू कैप को चूमा भी। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट में सरफराज खान का लंबा इंतजार आखिरकार खत्म हो गया। उन्हें टीम इंडिया की कैप सौंपी गई, जिसके बाद उनका टेस्ट डेब्यू हुआ। इस दौरान उनके पिता भी भावुक नजर आए। सरफराज खान को डेब्यू कैप मिलने के बाद उनके पिता को रोते हुए देखा गया। उन्होंने अपने बेटे को गले लगाया और डेब्यू कैप को चूमा भी। लेकिन इस दौरान सरफराज खान के पिता की जैकेट पर लिखा फनवजम काफी वायरल हो रहा है।

# खेलने के लिए मुकेश कुमार को भारतीय टीम से 'रिलीज' किया गया

मुकेश को दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। वह हालांकि अपने प्रदर्शन से प्रभावित नहीं कर पाए थे। बंगाल और बिहार के बीच रणजी मैच ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा।

भारत के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच से पहले टीम से 'रिलीज' कर दिया गया ताकि वह शुक्रवार से बिहार के खिलाफ



होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए बंगाल की टीम से जुड़ सकें।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा,''मुकेश कुमार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की भारतीय टीम से 'रिलीज' कर दिया गया है। वह रणजी ट्रॉफी में अगला मैच खेलने के लिए अपनी टीम बंगाल से जुड़ेंगे। इसके बाद वह रांची में भारतीय टीम से जुड़ जाएंगे।'' मुकेश को दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया गया था।

# प्रेग्नेंसी से बचने के लिए अबार्शन पिल लेना कितना सही ये जानने के बाद कोई कदम उठाएं

जीवन में कई बार ऐसा होता है कि हम गलती से किसी से प्रेग्नेंट हो जाते हैं ऐसे में अनचाही प्रेग्नेंसी का डर सताने लगता है. तब कुछ लोग आसान रास्ता निकालने के लिए अबॉर्शन पिल्स का सहारा लेते हैं. लेकिन क्या ये वाकई में सुरक्षित है स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार अबौर्शन या गर्भपात न केवल आप को शारीरिक रूप से बल्कि भावनात्मक तौर पर भी तोड़ कर रख देता है. गर्भपात कराने वाली दवाएं आसानी से मैडिकल स्टोर्स पर मिल जाती हैं और ज्यादतर लोग इसे बिना किसी डॉक्टर की सलाह के खा लेती हैं. उसके बाद इसका प्रभाव उनके स्वस्थ्या पर बहुत ही बुरा पड़ता है आइए जानते हैं यहा अधिक खुन बहनाअबॉर्शन पिल लेने से कई बार अधिक खून बहने लगता है. ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ये गर्भाशय



की परतों को नुकसान पहुंचा देती है और भीतरी रक्त वाहिकाओं को तोड़ देती है.अधिक खून बहने से हमारा शरीर कमजोर हो जाता है और एनीमिया जैसी समस्या होने लगती है. अनियमित रक्तस्राव से रक्त की कमी और बेचौनी की स्थिति भी पैदा हो सकती है. इसलिए बिना डॉक्टर के परामर्श के कभी भी अबॉर्शन पिल नहीं लेनी चाहिए. संक्रमण का खतराअबॉर्शन पिल का इस्तेमाल खतरनाक संक्रमण का कारण भी बन सकता है. अगर अबॉर्शन के दौरान साफ—सफाई और सही तरीके से ध्यान न रखा जाए, तो यह योनि संक्रमण, पेल्विक इंफेक्शन और सेप्टिक एबॉर्शन जैसी बीमारियों का कारण बन सकता है. ये बहुत ही गंभीर समस्याएं होती हैं जो पीड़ा और जटिलताएं पैदा कर सकती हैं. इनसे गर्भाशय, अंडाशय व योनि क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।.भविष्य में महिलाओं को प्रजनन संबंधी समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है. इसलिए सुरक्षित तरीके से ही अबॉर्शन कराना चाहिए.

मानसिक तनावअबॉर्शन यानी गर्भपात सिर्फ शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक स्तर पर भी काफी नुकसानदायक हो सकता है. गर्भपात कोई आसान फैसला नहीं होता. अक्सर इसके बाद महिलाओं को तनाव, अवसाद और मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ता है. कई बार तो पीडिघ्त व्यक्ति डिप्रेशन का भी शिकार हो जाता है . इसलिए अगर कभी गर्भपात कराने की आवश्यकता पड़े, तो पेशेवर मदद जरूर लें. कोशिश करना चाहिए की गर्भपात से जितना हो सके बचा जाए.

# काफी दिनों से खांसी से हैं परेशान, तो जरूर अपनाएं यह तरीका

बदलते मौसम में कोल्ड—कफ बेहद आम बात है क्योंकि इस सीजन कोल्ड—कफ सर्दी हो जाती है. लेकिन कुछ लोगों को यह खांसी काफी दिनों तक जकड़ कर रख लेती है. इन दिनों काफी तेजी से मौसम बदल रहा है. ऐसी स्थिति में लोग खांसी का शिकार हो जाते हैं. जिसके कारण कई परेशानियों का सबब बन सकता है. ज्यादा दिनों तक खांसी रहने के कारण शरीर में कई तरह की परेशानियां होने लगती है. खांसी की वजह से सीने में दर्द, पेट और पसलियों में खिंचाव होने लगता है. ड्राई कफ के कारण कई तरह की परेशानियां होने लगती है. आप भी ऐसी लंबी खांसी से परेशान हैं तो हम आपके लिए लाए हैं खास उपाय. खांसी के लिए घरेलू नुस्खेअदरकअगर दिनभर खांसी होती रहती हैं या आप भी इस तरह की खांसी से परेशान हैं तो अदरक का एक छोटा सा टुकड़ा लें. उससे अच्छे से गैस पर भून लें और फिर ठंडा करके उसे नमक के साथ खाएं. अब इसे दातों के अंदर दबा लें. फिर आपको खांसी में आराम मिलेगा.नमक गले के खराश और खांसी से परेशान है तो नमक खाने से राहत मिल सकती है. एक गिलास गुनगुने पानी में चुटकी भर नमक डालकर दिन में 2—4 बार गरारे करें. इससे गले में राहत मिलेगी.घी और काली मिर्चलंबी खांसी से निजात पाने के लिए आप घी और काली मिर्च खाने से खांसी में काफी ज्यादा आराम मिलेगा. लंबी खांसी से परेशान हैं तो तुरंत आराम मिलेगा. सबसे पहले एक चम्मच घी लें और उसमें एक चुटकी काली मिर्च मिला लें.



# सिंघम अगेन से अर्जुन कपूर का खौफनाक फर्स्ट लुक आउट, खून से सना चेहरा...हाथ में कोयता लिये दिखे अभिनेता

रोहित शेट्टी की इंडियन पुलिस फोर्स की रिलीज के बाद अब निर्देशक अपनी आगामी फिल्म सिंघम अगेन में जुट गए हैं। सिंघम और सिंघम रिटर्न्स के बाद अब अजय देवगन एक बार फिर से अपनी कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम अगेन के साथ लौट रहे हैं।अजय देवगन की सिंघम अगेन से से अब तक उनकी ऑनस्क्रीन पुलिस टीम में शामिल रणवीर सिंह, करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ का फर्स्ट लुक सामने आ चुका है।अब हाल ही में सिंघम अगेन के निर्देशक रोहित शेट्टी ने फिल्म से अर्जुन कपूर के दो लुक शेयर किये हैं, जो उनका अब तक का सबसे अलग लुक है। सिंघम की फ्रेंचाइजी में पहली बार एक साथ एक ही फ्रेम में कई बड़े सुपरस्टार्स को कॉमेडी और एक्शन का तड़का लगाते हुए दर्शक पहले से ही बेसब्र हैं। इस बीच ही अब निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म से अर्जुन कपूर के दो लुक शेयर किये हैं, जिसमें वह काफी अलग लग रहे हैं। पहले लुक में अर्जुन कपूर ने हाथ में खून से सना हुआ कोयता पकड़ा हुआ है और उनके दांत और चेहरे पर ब्लड की छींटे हैं। पहले पोस्टर में उनके पीछे कुछ लोग भी नजर आ रहे हैं। दूसरे पोस्टर में गुंडे एक्टर्स रणवीर सिंह और अर्जुन कपूर एक–दूसरे की आंखों में आंखें डाल एक–दूसरे को घूर रहे हैं।



रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन से अर्जुन कपूर के दो पोस्टर्स शेयर करने के साथ ही कैप्शन में लिखा, इंसान गलती करता है और उसकी सजा भी मिलती है। लेकिन अब जो आएगा, वो शैतान है। क्या मैं अर्जुन कपूर के इंट्रोडक्शन के साथ मैं ये कह सकता हूं। इस पोस्टर के सामने आने के बाद फैंस सरप्राइज रह गए हैं। एक यूजर ने लिखा, अर्जुन कपूर को सब पुलिस वालों के खिलाफ लड़ते हुए देखना बहुत ही दिलचस्प होने वाला है। दूसरे यूजर ने लिखा, अर्जुन विलेन के रूप में बहुत सही लगता है। अन्य यूजर ने लिखा, भाई ये तो एकदम डेंजर लग रहा है। आपको बता दें कि रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।

# घटती कमाई के बावजूद 200 करोड़ का आंकड़ा छूने से बस इंचभर दूर है फाइटर

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर श्फाइटरश् को सिनेमाघरों में दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. दर्शकों को यह एरियल एक्शन थ्रिलर पसंद आई है और इसे दर्शकों और क्रिटिक्स से खूब तारीफें भी मिली है. हालांकि फिल्म की कमाई उम्मीदों के मुताबिक नहीं रही है. चलिए यहां जानते हैं श्फाइटरश् ने रिलीज के 20वें दिन कितनी कमाई कीसिद्धार्थ आनंद निर्देशित श्फाइटरश् 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म में पहली बार दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री नजर आईं जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया. वहीं फिल्म के शानदार एरियल एक्शन ने भी दर्शकों को दांतों तले अंगुली दबाने पर मजबूर कर दिया. मोटे बजट में बनी इस फिल्म की कमाई की बात करें तो श्फाइटरश् ने रिलीज के पहले दिन 22.5 करोड़ की कमाई की थी. इसके बाद पहले हफ्ते में श्फाइटरश् ने 146.5 करोड़ का कलेक्शन किया. जबकि दूसरे हफ्तें में फिल्म का कारोबार 41 करोड़ रुपये रहा. वहीं अब श्फाइटरश् रिलीज के तीसरे हफ्ते में है. फिल्म की कमाई में उतार–चढ़ाव जारी है हालांकि ये करोड़ों मे ही कलेक्शन कर रही है. जहां श्फाइटरश् ने तीसरे शनिवार 3.65 करोड़ कमाए तो थर्ड संडे फिल्म ने 1.15 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं तीसरे मंडे फाइटरश् ने 1.15 करोड़ रुपये की कमाई की. वहीं अब



इस फिल्म की रिलीज के तीसरे मंगलवार यानी 20वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक श्फाइटरश् ने रिलीज के 20वें दिन 1.10 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ श्फाइटरश् का 20 दिनों का कुल कलेक्शन अब 199.15 करोड़ रुपये हो गया है.श्फाइटरश् वर्ल्डवाइड अच्छा परफॉर्म कर रही है और इसी के साथ फिल्म करोड़ों में कलेक्शन कर रही है. श्फाइटरश् की कमाई की बात करें सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने रिलीज के 19 दिनों में 337 करोड़ की कमाई कर ली है. वहीं ये फिल्म अब दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 350 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने के करीब पहुंच गई है.श्फाइटरश् में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण केअलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर, अक्षय ओबेरॉय, संजीदा शेख, तलत अजीज, प्रदुम शुक्ला और प्रदुम जयकर अहम भूमिका मेंहैं यह फिल्म सिद्धार्थ आनंद के साथ ऋतिक और दीपिका की तीसरी फिल्म है ऋतिक ने पहले फिल्म निर्माता के साथ बैंग बैंग और वॉर में काम किया था. दीपिका ने उनके साथ बचना ऐ हसीनों और पठान में काम किया था.

## शहनाज गिल की झोली में गिरी नई फिल्म, वरुण शर्मा के साथ स्क्रीन पर मचाएंगी तूफान

बिग बॉस सीजन 13 से मशहूर हुईं शहनाज गिल आज फिल्मों में अपना चार्म चला रही हैं. सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से डेब्यू करने के बाद शहनाज गिल, भूमि पेडनेकर स्टारर थैंक यू फॉर कमिंग में नजर आई थीं. अब उनकी एक और फिल्म का एलान हो गया है. दो बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय का जादू चला चुकीं शहनाज गिल की झोली में एक और फिल्म आ गिरी है. इस बार पंजाब की कैटरीना कैफ कही जाने वाली एक्ट्रेस वरुण शर्मा के साथ स्क्रीन शेयर करने जा रही हैं.

20 जनवरी 2024 को शहनाज गिल ने अपनी आगामी फिल्म का एलान किया है. शहनाज पहली बार फुकरे फेम एक्टर वरुण शर्मा के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी. उनकी फिल्म का नाम सब फर्स्ट क्लास है. एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म की अनाउंसमेंट करते हुए दो तस्वीरें शेयर की हैं. शहनाज गिल और वरुण शर्मा की फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है. एक तस्वीर में



शहनाज क्लैपर पकड़े हुए वरुण और मेकर्स के साथ पोज दे रही हैं. एक तस्वीर सिर्फ क्लैपर की है. शहनाज गिल और वरुण शर्मा की फिल्म का निर्देशन बलविंदर सिंह जंजुआ कर रहे हैं, जो अनफेयर एंड लवली और फिरंगी जैसी फिल्में बना चुके हैं. इस फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी, ज्योति देशपांडे और बलविंदर सिंह कर रहे हैं. फोटोज शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, 2024 की शुरुआती होती है.

# शाहिद–कृति की फिल्म धीमी रफ्तार से बढ़ रही आगे, 5वें दिन भी 5 करोड़ से कम रही कमाई

शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म श्तेरी बातों में ऐसा उलझा जियाश ने रिलीज के पहले वीकेंड में सिनेमाघरों में अच्छा परफॉर्म किया है. साइंस–फाई ट्विस्टी के साथ इस रोम–कॉम को दर्शको से प्यार मिल रहा है. हालांकि वीकडेज में फिल्म के कलेक्शन में गिरावट भी आई है. फिर भी रिलीज के चार दिनों में इस फिल्म ने 30 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया. चलिए यहां जानते हैं श्तेरी बातों में ऐसा उलझा जियाश ने रिलीज के 5वें दिन यानी मंगलवार को कितने करोड़ का कलेक्शन किया हैश्तेरी बातों में ऐसा उलझा जियाश 9 फरवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म का निर्देशन न्यूकमर अमित जोशी और आराधना साह ने किया है. इस फिल्म की रिलीज का फैंस को बेसब्री से इंतजार था. दरअसल फिल्म में पहली बार शाहिद और कृति की रोमांटिक



जोड़ी को देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड थे. हालांकि बड़े पर्दे पर दस्तक देने के बाद इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों से मिक्स्ड रिव्यू मिला. वहीं फिल्म की कमाई की बात करें तो रिलीज के पहले दिन यानी शुक्रवार को फिल्म ने 6.7 करोड़ रुपये के कलेक्शन के साथ शुरुआत की, इसके बाद शनिवार को 9.65 करोड़ रुपये और रविवार को फिल्म ने डबल डिजिट में 10.75 करोड़ रुपये कमाये. लेकिन सोमवार को फिल्म की कमाई में करीब 66.05 फीसदी की भारी गिरावट देखी गई और इसने 3.65 करोड़ की कमाई की. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 5वें दिन यानी मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.रिपोर्ट के मुताबिक श्तेरी बातों में ऐसा उलझा जियाश ने रिलीज के 5वें दिन यानी मंगलवार को 3.85 करोड़ रुपये की कमाई की है. इसी के साथ श्तेरी बातों में ऐसा उलझा जियाश का 5 दिनों का कुल कलेक्शन अब 34.6 करोड़ रुपये हो गया है.श्तेरी बातों में ऐसा उलझा जियाश को वर्ल्डवाइड भी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने दुनिया भर में चार दिनों में 59 करोड़ की कमाई कर ली है. वहीं पांचवें दिन फिल्म 60 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी. कम कलेक्शन के बावजूद फिल्म को दर्शकों से अच्छी रेटिंग मिली है. फिल्म की मौजूदा आईएमडीबी रेटिंग 10 में से 8.1 है. तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया अमित जोशी और आराधना साह द्वारा लिखित और निर्देशित है. फिल्म में शाहिद कपूर एक वैज्ञानिक की भूमिका निभा रहे हैं, जिसे कृति सेनन स्टारर किरदार रोबोट सिफ्रा से प्यार हो जाता है. फिल्म की स्टारकास्ट की बात करें तो श्तेरी बातों में ऐसा उलझा जियाश में कृति और शाहिद ने लीड रोल प्ले किया है. फिल्म में ध् र्मेंद्र, डिंपल कपाडिया और राकेश बेदी सहित कई कलाकारों ने सपोर्टिंग रोल निभाया है.

## मोशन पोस्टर के साथ लभ सेक्स और धोखा 2 की घोषणा की, फिल्म इस तारीख को रिलीज होगी

निर्माता एकता आर कपूर और उनके बैनर, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड ने संयुक्त रूप से एक मोशन पोस्टर के साथ अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर फिल्म की रिलीज की तारीख की खबर साझा की।वैलेंटाइन डे के मौके पर फिल्मकार एकता कपूर ने लव, सेक्स और धोखा की अगली किस्त की घोषणा की। दिबाकर बनर्जी द्वारा



निर्देशित यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बनर्जी, जिन्होंने 2010 में पहले भाग का निर्देशन किया था, अगले संस्करण के लिए भी निर्देशक की कुर्सी पर लौट रहे हैं। उनकी आखिरी निर्देशित फिल्म 2021 में रिलीज हुई थी जिसका नाम संदीप और पिंकी फरार था। इसे भी पढ़ेंरू ठपर्चौ ठेंन और ज्ञतंद ैपदही ळतवअमत ने भावुक पोस्ट के साथ मनाया अपना वैलेंटाइन डे, शेयर की तस्वीरें निर्माता एकता आर कपूर और उनके बैनर, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड ने संयुक्त रूप से एक मोशन पोस्टर के साथ अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर फिल्म की रिलीज की तारीख की खबर साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, श्ये वैलेंटाइन डे आसान नहीं, बस इतना समझ लीजिए, श्लव सेक्स और धोखाश का दरिया है और डूब के जाना है! सिनेमाघरों में 19 अप्रैल को। निर्माताओं के अनुसार, लव, सेक्स और धोखा 2 या एलएसडी2 रिश्तों की जटिलताओं का पता लगाता है और इंटरनेट के युग में आधुनिक प्रेम के छिपे पहलुओं को उजागर करता है। आधिकारिक विवरण के अनुसार

# आलिया भट्ट बनीं वेब सीरीज पोचर की निर्माता, प्राइम वीडियो ओटीटी प्लेटफार्म के साथ मिलाया हाथ

फिल्मों में अपने अभिनय कौशल का प्रदर्शन कर लोगों के दिलों में जगह बनाने वाली आलिया भट्ट अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं।पिछले काफी समय से अपनी पारिवारिक जिंदगी को लेकर चर्चा में चल रहीं आलिया हाल ही में फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड जीतने को लेकर खबरों में थीं। ताजा खबर यह है कि आलिया अब बतौर निर्माता अमेजन प्राइम वीडियो की एक सीरीज के साथ जुड़ गई हैं।एक रिपोर्ट के अनुसार, ओटीटी की दुनिया के नामी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो ने घोषणा की है कि अभिनेत्री और निर्माता आलिया उनकी आगामी मूल सीरीज पोचर में बतौर कार्यकारी निर्माता शामिल हो गई हैं।पोचर एक इनवेस्टिगेटिव क्राइम सीरीज है, जो सच्ची घटनाओं पर आधारित है। अमेजन प्राइम वीडियो की यह सीरीज एमी पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता रिची मेहता द्वारा निर्मित, लिखित और निर्देशित है।पोचर की कहानी भारतीय इतिहास में हाथीदांत के लिए हाथियों का शिकार करने वाले सबसे बड़े अवैध गिरोह के इर्द–गिर्द बुनी गई है। सीरीज में निमिषा सजयन, रोशन मैथ्यू और दिब्येंदु भट्टाचार्य मुख्य भूमिका में हैं।पोचर अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट है, जो मुख्य रूप से मलयालम, हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में भारत और दुनियाभर के 240 से ज्यादा देशों में रिलीज होगा। सीरीज 23 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी।आलिया ने सीरीज से जुड़कर सम्मानित महसूस कर रही हैं।अभिनेत्री बोलीं, इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना मेरे और इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस की पूरी टीम के लिए सम्मान की बात है। पोचर का प्रभाव बेहद व्यक्तिगत था और वन्यजीव अपराध के मुद्दे पर रिची का चित्रण ने मुझे प्रभावित किया।



मुझे विश्वास है कि पोचर सबकी आंखें खोलने का काम करेगी और सभी जीवित प्राणियों के प्रति दयालु होने का संदेश देगी।बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के दर्शकों पर अपने अभिनय का जादू चलाने वाली आलिया पहले ही निर्माण के क्षेत्र में कदम रख चुकी हैं।अभिनेत्री बतौर निर्माता पहली बार साल 2022 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म डार्लिंग्स से जुड़ी थीं। आलिया ने इस फिल्म का निर्माण शाहरुख खान की निर्माण कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर किया था। आलिया बतौर निर्माता अपने इस दूसरे प्रोजेक्ट के लिए बेहद उत्साहित हैं।रिची एक कनाडाई फिल्म निर्देशक और लेखक हैं। उनकी पहली फिल्म अमल 2008 में रिलीज हुई थी।रिची ने 2012 के दिल्ली सामूहिक बलात्कार मामले पर आधारित सीरीज दिल्ली क्राइम का लेखन और निर्देशन किया। सीरीज ने 2020 में एमी अवॉर्ड जीता था।

# भक्षक का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात – साई ताम्हणकर

फिल्म भक्षक में अभिनय करने वाली अभिनेत्री साई ताम्हणकर ने कहा कि उनके लिए भक्षक का हिस्सा बनना गर्व की बात है। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाओं का हिस्सा बनना खास है जो बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से परे हो।

क्राइम थ्रिलर भक्षक ने न केवल नेटफ्लिक्स इंडिया की शीर्ष फिल्मों में प्रमुख स्थान हासिल किया है, बल्कि नंबर एक का प्रतिष्ठित रैंक भी हासिल कर लिया है।

साई ने कहा, जब आप कोई फिल्म बनाते हैं तो आप वास्तव में नहीं जानते हैं कि



हैं। यह फिल्म बिहार के एक आश्रय गृह में बड़े पैमाने पर हो रहे बाल शोषण की कहानी पर प्रकाश डालती है।

साई, महत्वपूर्ण बातचीत शुरू करने और गंभीर सामाजिक मुद्दों जगाया जो या तो खो गया था या हम भूल गया थे, दर्शकों ने उसे महसूस किया।

उन्होंने कहा, एक अभिनेता के लिए उन परियोजनाओं का हिस्सा बनना बहुत खास है जो बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से परे हैं। मैं इसके लिए सम्मानित और गौरवान्वित महसूस करती हूं।अभिनेत्री ने आगे कहा, कभी–कभी जब आप पहली बार किसी चीज का प्रयास करते हैं या बाधाओं को तोडने का प्रयास करते हैं

तो दूसरे लोग आपको नीची दृष्टि से देखते हैं। भक्षक जैसी फिल्में उस गरिमा को वापस पाने में मदद करती हैं। मैं धन्य महसूस कर रही हूं क्योंकि मेरी मराठी फिल्म भी सिनेमाघरों में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है और साथ ही भक्षक ओटीटी में बेहतर कर रही है।

# अदा शर्मा की बस्तर द नक्सल स्टोरी का दूसरा टीजर हुआ रिलीज, मां की पुकार सुन दहल जाएगा दिल

अदा शर्मा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बस्तररू द नक्सल स्टोरी को लेकर खूब चर्चा में बनी हुई हैं. हाल ही में फिल्म का पहला टीजर जारी किया गया था, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिले थे.वहीं अब फिल्म का दूसरा टीजर भी जारी कर दिया है. टीजर में एक लाचार और बेबस मां अपनी दर्द भरी कहानी सुना रही है, जो नक्सलियों से अपने परिवार के लिए बदला लेना चाहती है. वे कहती हैं कि मेरे पति को नक्सलियों ने मार दिया. पूरे गांव के सामने 32 टुकड़े कर दिए. क्या गलती थी उनकी बस यही कि उसने 15 अगस्त को अपने स्कूल में भारत का झंडा लहराया. बस्तर में भारत का झंडा लहराना एक जुर्म है, जिसका सजा दर्दनाम मौत है.वे आगे कहती हैं कि मेरे बेटे को उठाकर लेकर चले गए. उसे भी नक्सली बनाएंगे. हर परिवार से उन्हें एक बच्चा देना पड़ता है. जो नहीं देते हैं तो पूरे परिवार को वे लोग मार देते हैं. मैं मेरे पति का बदला और अपने बेटे को वापस लेने के लए जिंदा हूं. मैं उन नक्सलियों को खत्म कर के ही रहूंगी.वहीं हार्ड हिटिंग डायलॉग्स के साथ फिल्म का ये टिजर दिल दहला देने वाला है. जबसे फिल्म की घोषणा हुई है, फैंस इस मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. सुदीप्तो सेन ने डायरेक्शन में बनी फिल्म 15 मार्च 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए

तैयार है.श्बता दें कि द केरल स्टोरीश के निर्माता विपुल अमृतलाल शाह ने ही फिल्म श्बस्तर रू द नक्सल स्टोरीश बनाई है.

# अवनीत कौर ने फैंस को दिया जबरदस्त ट्रीट, बैकलेस रेड आउटफिट में शेयर किया बोल्ड लुक

बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी बोल्ड और ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को अक्सर अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जिसमें वो काफी किलर पोज देते हुए नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस अवनीत कौर बॉलीवुड की जानी–मानी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही सोशल मीडिया पर बवाल मचा देती हैं। हाल ही में अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग और कूल लुक देखकर फैंस की नजरें हटना मुश्किल हो गया है। अवनीत कौर ने अपनी इन लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने रेड कलर का बैकलेस बॉडीकॉन गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो अपना टैटू फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं। बालों का बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने इस आउटलुक को और भी ज्यादा शानदार तरीके से निखारा है। बता दें कि एक्ट्रेस अवनीत कौर जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीर पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। अवनीत कौर ने अपनी इन फोटोज को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है यहां है आपका प्री वैलेंटाइन गिफ्ट। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देखते ही फैंस ने कॉमेंट्स की बौछार कर दी है। एक यूजर ने एक्ट्रेस की इन फोटोज पर लिखा है गॉर्जियस, तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है सो ब्यूटिफुल और फिर तीसरे यूजर ने लिखा है कितनी सुंदर हो तुम।



# 16 फरवरी संयुक्त किसान मोर्चा के अपील पर भारत बंद हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे संयुक्त किसान मोर्चा के जिला स्तरीय घटक संगठनों के प्रतिनिधियों की ऑनलाइन मीटिंग में 16 फरवरी के भारत बंद को सफल बनाने के लिए सभी किसान मजदूर, कर्मचारी दुकानदार, टैक्सी टेंपो संगठनों, ट्रेड यूनियनों, छात्रों नौजवानों से अपील की गई है। कामरेड साधु शरण, किसान नेता शिवाजी राय, विनय सिंह (भारतीय किसान यूनियन) कॉमरेड श्रीराम कुशवाहा, समान शिक्षा आंदोलन, उत्तर प्रदेश के सहसंयोजक डॉ चतुरानन ओझा ने संयुक्त अपील में कहा है कि भारत बंद का यह आह्वान मजदूर किसानों और आम जनता के बुनियादी मांगों तथा काले कानून को रद्द करने को लेकर किया गया है। इसलिए मजदूर मेहनतकश जनता, छात्रों नौजवानों को इसे सफल बनाने के लिए पूरी ताकत के साथ भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज कॉर्पोरेट के फायदे के लिए देश को तबाह कर दिया गया है इन काली राक्षसी ताकतों को अपने संगठित प्रतिरोध के बल पर ही हम परास्त कर सकते हैं और फासीवाद पूंजीवाद को खत्म कर समाजवादी समाज की स्थापना कर सकते हैं। आज स्वतंत्रता समानता भाईचारा की भावना को पूरी तरह नष्ट कर देने के लिए वर्तमान सरकार तरह–तरह के षडयंत्र कर रही है। लोगों के अधिकारों को छीन कर उन्हें भिखारी, दयनीय और लाभार्थी में बदला जा रहा है। स्थाई नौकरियों को खत्म कर सभी का ठेका कारण किया जा रहा है। इसने मनुष्य को पूरी तरह गरिमाहीन और असुरक्षित बना दिया है। इस प्रक्रिया को बंद करना होगा। संयुक्त किसान मोर्चा के स्थानीय प्रतिनिधियों ने देवरिया जिले के किसान मजदूर आंदोलन से जुड़े लोगों की फर्जी आरोपों में गिरफ्तारी करने उन्हें जेल भेजने और फर्जी तरीके से 24 गांव को नक्सली घोषित कर जनता की आवाज को कुचलने के लिए कुचक्र रचते के लिए सरकार को दोषी बताया और इसके खिलाफ भी लोगों को सड़क पर उतर कर हड़ताल को सफल बनाने की मांग की है। यह दुखद है कि विगत 12 फरवरी को देवरिया न्यायालय में भाकपा (माले) के नेता एवं एडवोकेट कामरेड रामकिशोर वर्मा सहित 41 लोगों को फर्जी डकैती का आरोप लगाकर जेल भेज दिया है और मुख्य आरोपियों को बरी कर दिया है। प्रशासन में गांव रहकर खेती और दुकान से अपनी जीविका चलाने वाले तथा किसान आंदोलन से जुड़े बृजेश कुशवाहा और उनकी पत्नी को भी फर्जी षड्यंत्र कर फरार घोषित कर जेल में डाल दिया है। ऐसे में जरूरी है कि आप सभी जागरूक नागरिकगण इस आंदोलन को, भारत बंद को सफल बनाने के लिए आगे आयें और असंवैधानिक तरीके से काम करने वाली किसानों मजदूरों नौजवानों से किए वादे से पूरी तरह मुकर जाने वाली तथा ष्मोदी की गारंटीष नाम से झूठे नारे वाली सरकार को सही रास्ते पर चलने के लिए मजबूर कर सकें और उसके अलोकतांत्रिक तानाशाही पूर्ण रवैया का जवाब दे सकें।

# भाजपा मिलन कार्यक्रम हुआ सम्पन्न,सैकडों लोगों ने लिया सदस्यता



ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे भारतीय जनता पार्टी विधानसभा सलेमपुर का भाजपा मिलन समारोह सलेमपुर में सिचाई विभाग के डाकबंगले पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा की नीतियों व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों से प्रभावित होकर ढाई सौ के करीब लोग जो विभिन्न दलों में कार्य करते थे उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता आज ग्रहण किया। जिसमे सैकड़ो में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग एवम लार नगर पंचायत अध्यक्ष मूसा रजा लारी व पूर्व प्रमुख राकेश सिंह,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव सहित नगर पंचायत लार से सभी सभासद एवम सलेमपुर नगर पंचायत से छः सभासद भाजपा में शामिल हुए। उनको पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व पार्टी की पटिका पहनाकर कर स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम के राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश समाज राष्ट्र के लिए कार्य करती है पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए कार्य करती है।उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में नई ऊंचाईयों को देश व प्रदेश छू रहा है। अयोध्या में राम मंदिर स्थापित होना गौरवशाली ऐतिहासिक क्षण है। भाजपा में कार्यकर्ताओं का हर स्तर पर सम्मान है। अबकी फिर से मोदी सरकार का नारा दिया है। मोदी सरकार तीसरी बार 400 पार तय है।सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता को उच्च स्तर पर जाने का मौका मिलता है। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। स्वयं सभी देख रहे हैं, भाजपा में कार्यकर्ता मुख्यमंत्री, सासंद राज्यसभा उच्च पदों पर आसीन हो रहें हैं। भाजपा जो कहतीं हैं वह करतीं हैं, हर वर्ग समाज में कल्याणकारी योजनाएं चला कर सभी को लाभान्वित किया है। कार्यक्रम के प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि आज का दिन भारतीय जनता पार्टी के लिए स्वर्णिम है।क्योंकि मोदी जी एवम योगी जी के नीतियों से प्रभावित होकरलोग भाजपा से जुड़ रहे है। कार्यक्रम को मुख्य रूप से जयनाथ कुशवाहा गुड्डन, विधानसभा प्रभारी अश्वनी सिंह, अमरेश सिंह बबलू,अमरदत्त यादव,दुर्गेश पाण्डेय,त्रिपुणायक विश्वकर्मा, बलबीर सिंह दादा,शमशुद्दीन अंसारी ने भी सम्बोधित किया।संचालन रविन्द्र श्रीवास्तव ने एवम आभार अभय सिंह विशेन ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बृजेश उपाध्याय, बचनदेव गोंड़,अजय दूबे वत्स,अभिषेक जायसवाल,विनय पाण्डेय, धनन्जय चतुर्वेदी, पुनीत यादव,अशोक तिवारी,दीपक श्रीवास्तव, राकेश राजभर,अनूप मिश्रा,इसरार डम्पी,ओमप्रकाश मोदनवाल,राजीव वर्मा,अनिल ठाकुर,विष्णुकांत तिवारी आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की प्री–ट्रॉयल बैठक सम्पन्न

## जिला न्यायाधीश ने दिये आवश्यक निर्देश

ब्यूरो



देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जिला न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु, समस्त तहसीलदार के साथ प्री–ट्रॉयल बैठक आहूत की गयी। जनपद न्यायाधीश देवेन्द सिंह द्वारा उपस्थित समस्त तहसीलदार को निर्देशित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत 09.03.2024 में चिन्हित किये हुये मामलें को संदर्भित करें तथा अधिक से अधिक संख्या में वादों को लोक अदालत के दिन लगाकर मामलों का निस्तारण करावें। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारीध्अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09.03.2024 दिन शनिवार को आयोजित किया जाना हैं जिसमें धारा 138 एन0आई0एक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत, जल एवं सर्विस से संबंधित मामलें, राजस्व एवं सिविल वाद तथा प्री–लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाना हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिवध् अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबें ने समस्त उपस्थित तहसीलदार को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु प्रचार–प्रसार को व्यापक स्तर पर करें तथा लोगो के बीच जनजागरूकता हेतु विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना सुनिश्चित करें।

# रोजगार मेले का किया गया आयोजन

ब्यूरो देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे 15 फरवरी को विकास खण्ड रामपुर कारखाना देवरिया में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय आई०टी०आई० एवं जिला सेवायोजन कार्यालय देवरिया के सयुक्त तत्वाधान में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उध्द्घाटन खण्ड विकास अधिकारी सतीश प्रसाद दुबे द्वारा किया गया। श्री दुबे जी द्वारा युवाओ का उत्सावर्धन किया गया और सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ से जुड़कर लाभ लेने हेतु युवाओ को प्रेरित किया गया तथा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। रोजगार मेले में 226 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया एवं रोजगार मेले में उपस्थित 04 कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर 129 अभ्यर्थियों का चयन किया। इस मौके पर दिनेश दीक्षित राजकीय आई०टी०आई० देवरिया, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रतिनिधि, जिला कौशल प्रबंधक अतिकुर रहमान, राजेश यादव, आलोक कुमार पाण्डेय, प्रशिक्षण प्रदाता रमेश यादव एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



# कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों का खाद्य सचल दल ने किया निरीक्षण

### कुल 8 नमूने विश्लेषण हेतु किया गया प्रेषित

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश अलीगंज लखनऊ एवं जिलाधिकारी देवरिया के निरंतर निरीक्षण के आदेशों के अनुपालन में गुरुवार को जनपद में कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में साफ सफाई, किचन एवं पके पकाए



भोजन का निरीक्षण खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सचल दल ने किया। सदर तहसील के कस्तूरबा गांधी विद्यालय मिश्रौलिया में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीराम यादव द्वारा विद्यालय के किचन का निरीक्षण किया गया एवं वहां पर तैयार सब्जी एवं पके हुए चावल का नमूना संग्रहित कर प्रेषित किया गया तथा उपस्थित बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसी प्रकार कस्तूरबा विद्यालय खोराराम मे खाद्य सुरक्षा अधिकारी मानवेंद्र के द्वारा तैयार सब्जी एवं पके चावल का नमूना लेकर सफाई सत्र का आयोजन किया गया। सलेमपुर तहसील के रुपई भटनी कस्तूरबा गांधी विद्यालय में खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम वर्मा द्वारा रोटी एवं तैयार सब्जी का नमूना लेकर प्रेषित किया गया एवं विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा से अवगत कराया गया। इसी प्रकार भाटपार रानी तहसील के फुलवरिया रोड स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप श्रीवास्तव द्वारा तैयार दाल एवं सब्जी का नमूना एकत्रित किया गया इस प्रकार कुल 8 नमूने कस्तूरबा गांधी विद्यालयों से एकत्रित कर विश्लेषण हेतु प्रेषित किए गए।

# निम्नलिखित मांगो को लेकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे सपा कार्यकर्ताओं ने निम्नलिखित मांगो को लेकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बरहज को सौंपा। बताते चलें कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को पूर्व प्रदेश सचिव चौधरी बेचू लाल के नेतृत्व में बरहज विधानसभा में व्याप्त समस्याओं के अंतर्गत सात सूत्रीय मांगो पर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।इस दौरान चौधरी बेचू लाल ने कहा कि आज बरहज विधानसभा में तमाम समस्यायें है, जिनसे आमजनमानस को परेशानियों का सामना



करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पीपे का पुल न लगने से जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पक्के पुल के कार्य मे तेजी लाई जाय, चौड़ीकरण सड़क में विस्थापित भूमि का उचित मुआवजा किसानों को दिया जाय, और विधानसभा में जर्जर पड़ी सड़को को को दुरुस्त कराया जाय। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरे राम चौधरी, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, अंबिका यादव, श्रीकांत यादव, संतोष यादव, राम दुलारे यादव आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# प्रयागराज में 400 लाभार्थियों ने उठाया सोलर रूफ टाप योजना का लाभ

## सौर ऊर्जा पर निर्भरता को बढ़ावा दे रही है योगी सरकार

प्रयागराज।(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश की सरकार प्रदेश में ऊर्जा सरंक्षण और नवीनीकरण योग्य ऊर्जा के स्रोतों के विकास पर निरंतर जोर दे रही है । सरकार की यह नीति धरातल पर उतर रही है । कुंभ नगरी प्रयागराज में इसी जागरूकता का परिणाम है कि यहां हर महीने करोड़ों की बिजली सौर ऊर्जा से पैदा की जा रही है। प्रकृति को प्रदूषण मुक्त रखने में भी यह पहल कारगर साबित हो रही है।उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के जिन शहरों को सोलर सिटी के रूप में विकास कर रही है उसमे कुंभ नगरी प्रयागराज भी शामिल है। सोलर रूफ टॉप योजना इसमें कारगर जरिया बन रही है। यूपीनेडा के परियोजना प्रबंधक कुमार गौरव के मुताबिक प्रयागराज शहर में सोलर रूफटॉप योजना में दिसंबर 2023 तक 400 लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला है। शहर में 1555.18 किलोवाट सोलर ऊर्जा का उत्पादन इन लाभार्थियों के द्वारा हो रहा है। इस योजना के अंतर्गत इन लाभार्थियों को ध120 लाख की सब्सिडी भी सरकार की तरफ से दी हैं। शहरी क्षेत्र में निजी भवनों में सोलर पैनल लगवाने में लोगों ने गहरी रुचि दिखाई है। सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के बाद सरकार ग्रामीण इलाकों को सोलर ग्राम के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य करने के लिए योजना बना रही है।

प्रदेश की योगी सरकार बिजली की लागत को कम करने के साथ ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को विकसित करने की तरफ तेजी से आगे बढ़ रही है। ऊर्जा संरक्षण के इस प्रयास से प्रयागराज में हर महीने ध 20 करोड़ से अधिक की सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। यूपीनेडा के परियोजना प्रबंधक कुमार गौरव बताते हैं कि प्रदेश सरकार के प्रयास से सौर ऊर्जा परंपरागत बिजली आपूर्ति का किफायती विकल्प बनकर सामने आया है समय की मांग को देखते हुए प्रयागराज जिले में सौर ऊर्जा पर निर्भरता तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में जनपद में 20 करोड रुपए से अधिक की बिजली सौर ऊर्जा से पैदा की जा रही है इसमें सरकारी संस्थाओं में अकेले 3140 किलोवाट सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है।

इन संस्थानों में ट्रिपल आईटी सबसे अधिक 1100 किलो वाट सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। इसी तरीके से इलाहाबाद हाईकोर्ट 740 और इसको फूलपुर 500 किलो वाट सौर ऊर्जा उत्पादित कर रही है। सिविल एविएशन बमरौली 300 किलोवाट ऊर्जा उत्पादित कर रही है।

इस तरह जनपद में हर महीने एक करोड़ से अधिक का सौर ऊर्जा का उत्पादन सार्वजनिक क्षेत्र में हो रहा है। इतना ही नहीं जिले में चार निजी कंपनियां सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रही हैं। इनसे प्रतिदिन 18.03 करोड़ की बिजली यूनिट उत्पादन हो रहा है। इसी तरह जिले में सरकारी संस्थानों से हर महीने एक करोड रुपए से अधिक की सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है।

# राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय में छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित

प्रयागराज।(आरएनएस ) राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय प्रयागराज में आज उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना डिग्री शक्ति के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण वितरण का कार्यक्रम महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मेयर गणेश केसरवानी को आमंत्रित किया गया। दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी। अतिथि का स्वागत प्राचार्य प्रोफेसर रंजना त्रिपाठी ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्रम द्वारा किया। महाविद्यालय की डीआईजीआई शक्ति योजना की नोडल ऑफिसर डॉक्टर नीलिमा सिंह, ने योजना का विवरण प्रस्तुत कर सभी को इस विषय से अवगत कराया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय की छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया।छात्रों को स्मार्टफोन मिलने के पश्चात मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार की नीति सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास है। सत्ता परिवर्तन के साथ ही आम आदमी के जीवन में भी परिवर्तन आया है।

# साल की तीसरी फसल के रूप में मक्के का भी विकल्प रखें किसान–डीएम

## जिलाधिकारी ने कृषि विज्ञान केंद्र का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने गुरुवार को अपराह्न कृषि विज्ञान केंद्र, मल्हना का निरीक्षण कर कृषि के क्षेत्र में हो रही प्रगति का लाभ किसानों तक पहुंचाने के संबन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जनपद में पॉम ऑयल की प्रायोगिक खेती करने तथा मोनसेंटो प्रजाति के मक्का की खेती के लाभ से किसानों को अवगत कराया जाए। इससे किसानों की तकदीर बदल जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में आम तौर पर वर्ष में दो ही फसल प्राप्त करने की प्रवृत्ति है। अप्रैल से जून तक आमतौर पर किसानों के खेत खाली रहते हैं। इस अवधि में मोनसेंटो प्रजाति के मक्के की खेती से किसान साल की तीसरी फसल प्राप्त कर सकते हैं। इसका प्रयोग खाने के साथ–साथ साइलेज उत्पादन में भी होगा और किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। मोनसेंटो प्रजाति का मक्का तीन माह में तैयार हो जाता है। उन्होंने मक्का उत्पादन बढ़ाने के लिए जनपद के प्रगतिशील कृषकों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया। इसी तरह पॉम ऑयल तथा अरहर की मेड़ पर उगने वाली प्रजाति को प्रोत्साहन देने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट आर्या के तहत पांच दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण सत्र को भी संबोधित किया। उन्होंने मधुमक्खी पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि मधुमक्खी पालन के बॉक्स को सरसो, गेहूं सहित विभिन्न फसलों के मध्य खेत में भी लगाए। इससे शहद प्राप्ति के साथ फसलों का उत्पादन भी बढ़ेगा। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक सह अध्यक्ष डॉ मान्धाता सिंह ने जिलाधिकारी को केंद्र के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आठ हेक्टेयर में फैले कृषि विकास केंद्र में दलहन, तिलहन, गेंहू, चावल सहित विभिन्न फसलों के उन्नत प्रजाति का बीजोत्पादन किया जा रहा है, जिन्हें स्थानीय किसानों के मध्य वितरित किया जाता है। जिलाधिकारी ने कृषि विज्ञान केंद्र के फार्म का भी निरीक्षण किया। फार्म में विंटर डाउन प्रजाति का स्ट्राबेरी, गिरिजा प्रजाति का फूल गोभी, काशी उदय मटर, शुभ्रा प्रजाति का काबुली चना, आईपीएल 220 प्रजाति का मसूर, काशी संपदा प्रजाति का बाकला सहित विभिन्न फसल लगे मिले। जिलाधिकारी ने एक छोटे से मड़ई में स्थापित मशरूम उत्पादन केंद्र का भी निरीक्षण किया। कृषि वैज्ञानिक एवं मशरूम उत्पादन विशेषज्ञ डॉ रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान समय में 50 से अधिक कृषक मशरूम उत्पादन में सक्रिय हैं। इस अवसर पर एसडीएम भाटपाररानी हरिशंकर लाल, नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।



हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।